• जयपुर, मंगलवार 24 फरवरी 26 • वर्ष 15 • अंक 175 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIN/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझुनं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने ख्वाजा साहब की दरगाह का नाम...
पेज @4 कायड़ विश्रामस्थली में प्रधानमंत्री की प्रस्तावित जनसभा...
पेज @8 बायतु कृषि महाविद्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर एवं नशा मुक्ति कार्यशाला...

**न्यूज़ अपडेट**

## खालिस्तानी संगठन ने दिल्ली का लाल किला और विधानसभा बम से उड़ाने की धमकी दी

**नईदिल्ली/एजेंसी।** दिल्ली में आतंकवादी धमकियों पर लगाम नहीं लग रही है। सोमवार सुबह सैन्य स्कूलों को धमकी देने के बाद अब लाल किला और दिल्ली विधानसभा उड़ाने की भी धमकी दी गई है। बताया जा रहा है कि धमकी भरा ई-मेल एक खालिस्तानी संगठन के नाम से भेजी गई है। धमकी की सूचना पर लाल किले और विधानसभा पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि सुबह 7 बजे आर्मी पब्लिक स्कूल और वायसेना के बाल भारती स्कूल को 9 बजे बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इसके बाद लाल किला और विधानसभा को लेकर भी धमकी भरा ईमेल भेजा गया। सभी जगह की जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। फिलहाल, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉयड ने पूरे परिसर की तलाशी ली है। पुलिस का कहना है कि साइबर विशेषज्ञ ईमेल भेजने वाले का पता लगा रहे हैं। सभी ईमेल खालिस्तान संगठन की ओर से भेजा गया है। बता दें कि पिछले साल नवंबर में लाल किले के पास एक कार में आत्मघाती बस विस्फोट हुआ था, जिसमें कम से कम 13 लोग मारे गए थे और 25 से अधिक लोग घायल हुए थे। हमले में पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का हाथ मिला था।

## फरवरी में ही तपने लगे पहाड़, हिमाचल में 28 डिग्री तक पहुंचा तापमान

**शिमला/एजेंसी।** इस बार फरवरी महीने में ही पहाड़ तपना शुरू हो गए हैं. अभी फरवरी का महीना गया भी नहीं है, लेकिन पहाड़ों पर गर्मी ने लोगों के पसीने छुड़वाना शुरू कर दिया है. हिमाचल प्रदेश में ही अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस पार पहुंच गया है. प्रदेश की राजधानी एवं पहाड़ों की रानी शिमला में 17.5 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है. इस साल फरवरी महीना सूखे में ही बीत रहा है. ऊंचे पहाड़ी इलाकों में जहां हल्की बारिश-बर्फबारी हुई भी है, लेकिन निचले इलाकों में मौसम लगातार साफ बना हुआ है, जिससे निचले इलाकों में सूखे जैसे हालात बने हुए हैं. प्रदेश में अधिकतम तापमान की बात करें तो 28 डिग्री सेल्सियस के साथ ऊना सबसे गर्म रहा. इसके

## एचएएल बोला- कोई तेजस विमान दुर्घटनाग्रस्त नहीं हुआ, केवल मामूली तकनीकी खराबी आई

**नईदिल्ली/एजेंसी।** हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने तेजस लड़ाकू विमान के क्रैश होने की खबरों का खंडन किया है। एचएएल ने कहा है कि जमीन पर ही विमान में मामूली तकनीकी खराबी आई थी और उड़ान के दौरान कोई हादसा नहीं हुआ। दरअसल, इससे पहले खबर आई थी कि 7 फरवरी को लैंडिंग के दौरान तेजस विमान का ब्रेक फेल हो गया था। हादसे से पहले पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया था, लेकिन विमान को नुकसान पहुंचा। एचएएल ने कहा, तेजस के क्रैश की कोई खबर नहीं है। जिस घटना की बात हो रही है, वह जमीन पर हुई एक छोटी तकनीकी घटना थी। तेजस समकालीन लड़ाकू विमानों में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा रिकॉर्ड में से एक को बनाए रखता है। एसओपी के तौर पर, इस मामले का गहराई से विश्लेषण किया जा रहा है।

### अधिवक्ता समाज को न्याय दिलाने का सेतु, अंतिम व्यक्ति की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए करें कार्य

# अधिवक्ता मौलिक अधिकारों के रक्षक, लोकतंत्र के प्रहरी

## हमारी सरकार अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

### मुख्यमंत्री ने दी बार एसोसिएशन जयपुर के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अधिवक्ता कानून की कठिन भाषा को सरल बनाकर समाज को न्याय दिलाने वाले सेतु हैं। जब कोई आम आदमी किसी मुसीबत में होता है, तो वह न्याय की आस लेकर सबसे पहले अधिवक्ता के पास ही जाता है। इसलिए उन्हें समाज के अंतिम व्यक्ति की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए कार्य करना चाहिए।

शर्मा सोमवार को बनीपार्क स्थित जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में दी बार एसोसिएशन जयपुर के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के तीन प्रमुख स्तंभ विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका अपनी-अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाते हुए एक-दूसरे के साथ संतुलन बनाए रखते हैं, तभी एक स्वस्थ और जीवंत लोकतंत्र का निर्माण होता है। अधिवक्ता न्यायपालिका के साथ मिलकर उस संतुलन को बनाए रखने में सहयोग करते हैं और संविधान एवं मौलिक अधिकारों के रक्षक तथा लोकतंत्र के प्रहरी की भूमिका निभाते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिवक्ता






समाज को न्याय दिलाने के साथ ही आमजन को कर्तव्यबोध भी कराते हैं। उनको भारत को उत्कृष्ट बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार सभी को न्याय प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। त्वरित न्याय के बिना विकास अधूरा है। प्रदेश में तीन नए कानून को जमीनी स्तर पर लागू किया जा रहा है। इन नए कानूनों के माध्यम से राजस्थान सबसे तीव्र गति से न्याय पहुंचाने वाले राज्यों में से एक बन गया है।

### बौद्धिक विमर्श, नैतिक अनुशासन और सामूहिक शक्ति का केंद्र

शर्मा ने बार एसोसिएशन की नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि दी बार एसोसिएशन जयपुर विधि की परंपरा, अनुशासन, तर्क की परिपक्वता और बौद्धिक उत्कृष्टता का केन्द्र रही है। बार एसोसिएशन अधिवक्ताओं को न केवल पेशेवर मंच प्रदान करता है, बल्कि बौद्धिक विमर्श, नैतिक अनुशासन और सामूहिक शक्ति का भी केंद्र है। उन्होंने कहा कि यह संस्था विधिक सुधारों की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाती है।

### ई-कोर्ट प्रणाली, डिजिटल फाइलिंग को दिया बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। 42 नए न्यायालय स्थापित किए गए हैं। फलौदी, खैरथल-तिजारा सहित कुल 8 जिला एवं सेशन न्यायालयों का सृजन किया गया है। बड़ी सादड़ी एवं केशोरायपाटन कैम्प कोर्ट के स्थान पर नियमित अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायालय, हनुमानगढ़, सवाई माधोपुर, चुरू, बीकानेर एवं जोधपुर में विशेष (पॉक्सो एक्ट) न्यायालय, झुंझुनू में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट (एन.आई. एक्ट) न्यायालय तथा पहाडी (डीग) एवं खैरथल-तिजारा में सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय का सृजन किया गया है। लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु विशेष अदालतों एवं फास्ट ट्रैक तंत्र को अधिक सशक्त किया जा रहा है। साथ ही, ई-कोर्ट प्रणाली, डिजिटल फाइलिंग और तकनीकी आधुनिकीकरण को भी बढ़ावा दिया गया है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं की न्यायसंगत मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने जिला बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस दौरान नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, विधायक गोपाल शर्मा, राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अनिल कुमार उपमन, न्यायाधीश मनीष शर्मा, बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के चैयरमेन भुवनेश शर्मा, दी बार एसोसिएशन जयपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सोमेश चन्द शर्मा सहित बार एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी एवं वरिष्ठ अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री मुकुल रॉय का निधन, 72 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

● महीनों से कोमा में थे



**कोलकाता/एजेंसी।** पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री मुकुल रॉय का निधन हो गया है। रात करीब 2.35 के आसपास निधन हुआ है। मुकुल राय 72 साल के थे। वे लंबे समय से कोलकाता के अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती थे। मुकुल रॉय पिछले कुछ महीनों से कोमा में थे। डॉक्टरों ने बताया कि अनुभवी टीएमसी नेता की मौत कार्डियक अरेस्ट से हुई है। पिछले कुछ सालों में स्वास्थ्य बिगडने के कारण मुकुल रॉय सक्रिय राजनीति से दूर हो गए थे। डॉक्टरों ने 2023 की शुरुआत में पुष्टि की थी कि वे डिमेंशिया और पार्किंसंस बीमारी से जूझ रहे थे। इसके चलते उनके भूलने और शारीरिक क्षमताएं काफी हद तक प्रभावित हुई थीं। ऋरूष्ट में वे लंबे समय तक ममता बनर्जी के बाद नंबर-2 माने जाते थे। उन्हें पार्टी का क्राइसिस मैनेजर और रणनीतिकार कहा जाता था। वे चुनावी रणनीति बनाने, संकटों से निपटने और पार्टी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते थे। 2010 के दशक में ऋरूष्ट के साथ उनके रिश्ते बिगड़ गए। खासकर शारदा चिटफंड घोटाले जैसे मुद्दों के बाद वह टीएमसी से दूर हो गए। फरवरी 2015 में पार्टी ने उन्हें नेशनल जनरल सेक्रेटरी पद से हटा दिया।

लखनऊ में सड़क हादसा

## डबल डेकर बस पलटने से 5 की मौत, 18 अन्य घायल



**लखनऊ/एजेंसी।**

उत्तर प्रदेश के लखनऊ में पंजाब में लुधियाना से बिहार के दरभंगा जा डबल डेकर बस सोमवार को दिन में करीब 3.30 बजे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर पलट गई. एडीसीपी साउथ रल्लापल्ली बसंत कुमार ने बताया कि इस हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई है और 18 अन्य लोग घायल हो गये हैं. बस नंबर एचआर 55 एएस 1323 है.

एडीसीपी साउथ रल्लापल्ली बसंत कुमार ने बताया कि गोसाईगंज के खेमा खेड़ा गांव के पास बस अनियंत्रित होकर पलट गयी. बस की रफ्तार काफी तेज थी. इस दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी.

एडीसीपी साउथ रल्लापल्ली बसंत कुमार ने बताया कि राजधानी लखनऊ के गोसाईगंज थाना क्षेत्र में सोमवार को बिहार जा रही बस अचानक पलट गयी. बस पलटते ही चीख पुकार मच गयी. घायलों को एंबुलेंस से ट्रामा सेंटर भेजा गया है. मौके पर स्थानीय पुलिस के अलावा एनएचआई की टीम भी पहुंच गयी है. राहत और बचाव का कार्य चल रहा है. राजधानी लखनऊ के कोतवाली गोसाईगंज क्षेत्र अंतर्गत हसनापुर गांव के पास पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 11.4 किलोमीटर प्वाइंट पर आज एक भीषण सड×क हादसा हुआ.

## बंगाल के मतदाताओं को पीएम मोदी की पाती

### पत्र में किया घुसपैठ, महिला सुरक्षा समेत कई मुद्दों का उल्लेख

**कोलकाता/एजेंसी।**

बंगाल में विधानसभा चुनाव की तारीख की अधिकारिक घोषणा से पूर्व ही चुनावी पारा तपने लगा है। वहीं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंगाल के मतदाताओं को एक खुला पत्र लिखा है। पीएम ने अपने पत्र में घुसपैठ, महिला सुरक्षा समेत कई मुद्दों का उल्लेख किया तो वहीं राज्य को लेकर चिंता भी प्रकट की। इस पत्र में उन्होंने 'एबार भाजपा सरकार' का नारा देते हुए राज्य की मौजूदा सरकार पर सीधा हमला बोला। पत्र में प्रधानमंत्री ने कहा कि सोनार बंगाल का सपना देखने वाला हर नागरिक आज दुखी है। उन्होंने दावा किया कि राज्य में माताएं और बहनें खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं और बदलाव अब अनिवार्य हो गया है। प्रधानमंत्री ने अपने पत्र



की शुरुआत जय मां काली से की और लिखा कि कुछ ही महीनों में पश्चिम बंगाल का भाग्य तय होगा। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों का भविष्य मतदाताओं के फैसले पर निर्भर करेगा। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में उनकी सरकार ने जनकल्याण और समग्र विकास को प्राथमिकता दी है। किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए चलाई गई योजनाओं के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि राज्य सरकार के असहयोग के बावजूद पश्चिम बंगाल के करीब 5 करोड़ लोग जन-धन योजना से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत 85 लाख शौचालय बने। उज्ज्वला योजना के जरिए 1 करोड़ से ज्यादा परिवारों को गैस कनेक्शन मिला। अटल पेंशन योजना से 56 लाख वरिष्ठ नागरिक लाभान्वित हुए। किसान सम्मान निधि के तहत 52 लाख से अधिक किसानों को आर्थिक सहायता दी गई। छोटे व्यापारियों को 2.82 लाख करोड़ रुपये के ऋण दिए गए।प्रधानमंत्री ने दावा किया कि राज्य सरकार के असहयोग के बावजूद पश्चिम बंगाल के करीब 5 करोड़ लोग जन-धन योजना से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत 85 लाख शौचालय बने।

### 12 अस्पताल में भर्ती, सभी की 65 से ज्यादा की उम्र

# मिलावटी दूध का कहर: 48 घंटे के अंदर किडनी फेल होने से 4 की मौत

**गोदावरी/एजेंसी।**

आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले के राजमुंदरी इलाके से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां पिछले 48 घंटों के अंदर अचानक किडनी से संबंधित बीमारी होने से 4 लोगों की मौत हो गई। 12 अन्य लोगों का कई अस्पतालों में इलाज चल रहा है। सभी पीड़ित लोग 65 साल से ज्यादा उम्र के बताए जा रहे हैं।

इस मामले की जांच में बहुत ही चौंकाने देने वाली बात सामने आई है। जांच में पता चला है कि पीड़ित



लोगों ने मिलावटी दूध का इस्तेमाल किया था। मिलावटी दूध पीन के बाद ही इन लोगों की तबीयत बिगड़ी और 4 की मौत हो गई। कई अस्पताल में भर्ती हैं।

जांच कर रहे अधिकारियों ने कोरुकोंडा मंडल के नरसापुरम गांव से एक दूध बेचने वाले को हिरासत में ले लिया है। जांच के दौरान अवैध रूप से चल रही उसकी डेयरी यूनिट को भी सीज कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि उस खास वेंडर से दूध सप्लाई किए गए 105 परिवारों में से 75 परिवारों से सैंपल लिए गए हैं। संदिग्ध बीमारी का कारण पता लगाने के लिए टेस्टिंग की जा रही है।

विजयवाड़ा से स्पेशल टीमें स्थिति पर नजर रखने और मेडिकल और बचाव के उपायों की देखरेख के लिए राजमुंदरी आ गई हैं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने अधिकारियों के साथ एक इमरजेंसी रिव्यू मीटिंग की और उन्हें पीड़ितों के बेहतर इलाज के लिए तुरंत कदम उठाने का निर्देश दिया है। जिला प्रशासन को इसकी सूचना मिलते ही बाधित इलाकों में सबसे पहले पानी के सैम्पल्स की जांच की गई। उसमें सब कुछ सही निकला तो जांच की दिशा बदली। सभी पीड़ित परिवारों के बीच एक लिंक सामने आया कि सभी ने एक ही वेंडर का सप्लाई किया हुआ इस्तेमाल किया था। तब से मिलावटी दूध के एंगल से जांच की जा रही है।

## केरल के कोझिकोड में हादसा, आराम कर रहे मजदूरों पर स्लैब गिरा, तीन की मौत

**कोझिकोड/एजेंसी।** कोझिकोड के वलियांगडी में सोमवार की दोपहर एक इमारत के स्लैब के गिर जाने से तीन मजदूरों की मौत हो गई. वहीं पांच अन्य घायल हो गए. घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बताया जाता है कि दोपहर में अचानक एक इमारत के स्लैब के गिर जाने से वहां पर आराम कर रहे तीन मजदूरों की मौत हो गई. वहीं हादसे में पांच अन्य लोग घायल हो गए. मरने वालों की पहचान जब्बार, अशरफ और बशीर के तौर पर हुई है, जो सभी इलाके में लोडिंग और अनलोडिंग के काम में लगे हुए थे. यह हादसा दोपहर के आस-पास हुआ, जब बीच रोड पर पुराने पासपोर्ट ऑफिस की इमारत का भारी कंक्रीट का सनशेड अचानक टूट गया, और नीचे आराम कर रहे मजदूरों पर गिर गया. घायलों को तुरंत इलाज के लिए कोझिकोड मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया. इस इमारत में चावल और गेहूं का गोदाम था, वहीं समुद्र के पास होने और नमकीन समुद्री हवाओं के खराब असर की वजह से सालों से यह खराब हालत में थी. इसी वजह से इमारत के अंदर लोहे में जंग लग गया था और वह कमजोर हो गई थी. इस घटना से कोझिकोड म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के खिलाफ लोगों में भारी आक्रोश है, और स्थानीय लोगों और साथी कर्मचारियों ने लापरवाही का आरोप लगाया है.

संपादकीय

# कमान शृंखला को लेकर प्रश्न

श के सामने असल सवाल वो ब्योरा है, जो जनरल नरावणे ने लद्दाख क्षेत्र में 2020 में हुई घटनाओं के बारे में दिया है। उन घटनाओं से भारतीय सेना के अंदर कमान शृंखला को लेकर प्रश्न उठे हैं।

पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल मनोज मुकुंद नरावणे की कथित रूप से अप्रकाशित किताब कैसे छपे रूप में और उसकी पीडीएफ कॉपियां आम लोगों तक पहुंच गईं, यह प्रकाशक पेंगुइन इंडिया के लिए अहम मसला हो सकती है, लेकिन देशवासियों के सामने यह मुख्य मुद्दा नहीं है। देश के सामने असल सवाल वो ब्योरा है, जो जनरल नरावणे ने 2020 में भारतीय सीमा के अंदर चीन की पैठ बनने और उसी क्रम में कैलाश रेंज में हुई घटना के बारे में दिया है। उन घटनाओं से भारतीय सेना के अंदर कमान शृंखला को लेकर प्रश्न उठे हैं। चूंकि उससे सर्वोच्च राजनीतिक नेतृत्व सवालों के घेरे में आया है, तो कुछ दूसरे हलकों से जनरल नरावणे के कर्त्तव्य निर्वाह के रिकॉर्ड पर निशाने साधे गए हैं।

पूछा गया है कि जब मई– जून 2020 से चीनी सेना ने लद्दाख क्षेत्र में भारतीय इलाके में घुसपैठ की, तो उसे रोकने में भारतीय सेना क्यों नाकाम रही? उस दौरान खुद जनरल नरावणे के दिए कुछ बयानों का उद्धरण देते हुए कहा गया है कि तत्कालीन सेनाध्यक्ष ने चीनी कार्रवाइयों की गंभीरता की या तो उपेक्षा की अथवा उन्होंने उससे देश को नावाकिफ रखा। उधर जनरल नरावणे की किताब से संकेत मिलता है कि सेना को 'टॉप' से बिना अनुमति के फायरिंग ना करने का निर्देश था। इसी बीच एक संकटपूर्ण मौका आया और तत्कालीन सेनाध्यक्ष ने दिशा–निर्देश मांगा, तो राजनीतिक नेतृत्व ने पहले तो लेट–लतीफी की और फिर उन पर डाल दिया गया कि जो उचित लगे उसे वे करें।

विशेषज्ञों के मुताबिक इस पूरे प्रकरण में युद्ध संबंधी टैक्टिकल, ऑपरेशनल, एवं स्ट्रेटेजिक निर्णय प्रक्रिया घालमेल का शिकार हो गई लगती है। चूंकि ये बात बहुचर्चित हुई है, तो भारत के 'दुश्मनों' ने भी उस पर गौर किया होगा। इसलिए असल सवाल ऐसी कमजोरियों को तुरंत दूर करने का है। जरूरी यह है कि इस पर समग्र चर्चा हो और जवाबदेही की शृंखला तय की जाए। इसके विपरीत किताब कैसे सार्वजनिक हो गई, जैसे मुद्दे को योजनाबद्ध ढंग से तरजीह दी जा रही है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रकाशक के साथ–साथ पुस्तक लेखक भी इसमें सहयोगी बन गए हैं।

## समझौते की घोषणा किसी को पता नहीं

● **हरिशंकर व्यास**

लाख टके का सवाल है आज अमेरिका के साथ जिस व्यापार संधि की बात है उसका असल कौन जानता है? क्या कैबिनेट में विचार हुआ? मंत्रियों के समूह, सचिवों के समूह में विचार हुआ? सवाल यह भी है कि अकेले अमेरिका के राष्ट्रपति ने समझौते की घोषणा क्यों की? क्यों फिर एक घंटे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप का आभार जताया, पुष्टि की? साझा घोषणा क्यों नहीं हुई? याद करें इसी तरह ट्रंप ने एकतरफा तरीके से 10 मई 2025 को भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर का ऐलान किया था। उसके आधे घंटे के बाद भारत की ओर से एक मिनट से भी कम की एक प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई थी, जिसमें सीजफायर की पुष्टि की गई थी। इसी तरह ट्रंप ने ही ऐलान किया कि भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा और यह भी ऐलान किया कि भारत अब वेनेजुएला से तेल खरीदेगा।

सवाल है जब साझा बयान तैयार नहीं है, समझौते की बातचीत पूरी तरह से फाइनल नहीं हुई है और तत्काल कोई प्रावधान लागू नहीं हो रहा था तो सोमवार, दो फरवरी की देर रात को इसकी घोषणा की क्या जरुरत थी?

ध्यान रहे वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि अगले चार पांच दिन में साझा बयान तैयार हो जाएगा और उसकी घोषणा हो जाएगी। इसके बाद एक हफ्ते में भारत पर लगा टैरिफ कम होगा और मार्च के मध्य में 'पहला ट्रांच' यानी समझौते के पहले हिस्से की घोषणा होगी। ऐसे में क्या यह उचित नहीं होता कि जब साझा बयान तैयार हो जाए तभी एक साथ उसकी घोषणा होती? पीयूष गोयल ने कहा है कि साझा बयान पर दस्तखत वर्चुअल तरीके से हो सकता है। जब ऐसा ही होना है तब तो यह और भी अच्छी स्थिति थी कि इंतजार किया जाता और एक साथ समझौते की घोषणा होती!

लेकिन आनन फानन में दो फरवरी की रात को सवा नौ बजे के करीब भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात हुई है। उन्होंने लोगों को जुड़े रहने को भी कहा। इसके थोड़ी देर के बाद रात 10 बजे के करीब राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर लंबी पोस्ट लिख कर कहा कि भारत के साथ समझौता हो गया। इसके एक घंटे बाद रात 11 बज कर दो मिनट पर प्रधानमंत्री मोदी ने इसकी पुष्टि की। ध्यान रहे सोमवार को दिन में राहुल गांधी संसद में पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की किताब का अंश लेकर संसद में पहुंचे थे और अपने भाषण में इसे उठाने का प्रयास किया था।

# पारदर्शिता से जवाबदेही की ओर: भारत की खाद्य सुरक्षा संरचना में एआई की भूमिका

**संजीव चोपड़ा**



पिछले एक दशक के दौरान, भारत ने अभूतपूर्व पैमाने पर अपनी खाद्य सुरक्षा संरचना का डिजिटलीकरण किया है। खरीद एवं भंडारण से लेकर परिवहन, वितरण और सब्सिडी के निपटारे तक, मूल्य श्रृंखला का हर चरण अब डिजिटल प्रणालियों द्वारा संचालित है। यह व्यवस्था निरंतर संचालन से जुड़े आंकड़े सृजित करने के साथ-साथ ही हर महीने लगभग 80 करोड़ लाभार्थियों को सेवा प्रदान कर रही है।

शासन संबंधी अगली चुनौती इस पारदर्शिता को प्रशासनिक जवाबदेही में बदलना है। सिर्फ दृश्यता ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि इस प्रणाली को पैटर्न की व्याख्या करने, जोखिमों को प्राथमिकता देने और समय पर प्रतिक्रिया देने में भी समर्थ होना चाहिए। इस बदलाव को देखते हुए, केन्द्र सरकार पूरी प्रणाली में निर्णय लेने की प्रक्रिया को मजबूत करने के उद्देश्य से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग कर रही है।

खरीद प्रक्रिया के दौरान, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को कुटाई के बाद आपूर्ति किए गए चावल की गुणवत्ता का आकलन टूटे हुए दानों के प्रतिशत, अशुद्धियों और रंग में बदलाव जैसे निर्धारित मापदंडों के आधार पर दृश्य आधारित मूल्यांकन पर निर्भर करता है। बड़े पैमाने पर, मानवीय व्यक्तिपरकता के कारण नतीजे भिन्न हो सकते हैं। इसलिए, एआई से लैस स्वचालित अनाज विश्लेषक (एजीए) का उपयोग तस्वीर-आधारित विश्लेषण के जरिए इन मापदंडों का आकलन करने हेतु किया जा रहा है। माप को मानकीकृत और व्यक्तिपरकता को कम करके, ये प्रणालियां मौजूदा खरीद मानदंडों के भीतर काम करते हुए गुणवत्ता के सत्यापन में निरंतरता को बेहतर बना रही हैं।

एफसीआई और सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन (सीडब्ल्यूसी) द्वारा संचालित भंडारण केन्द्रों में, निगरानी को मजबूत करने हेतु आईओटी-आधारित निगरानी प्रणालियों की शुरुआत की जा रही है। सेंसर तापमान, आर्द्रता, फॉस्फीन और कार्बन डाइऑक्साइड के स्तर को मापते हैं, जबकि एआई से लैस कंप्यूटर विजन टूल स्वचालित तरीके से बोरियों की गिनती और स्टॉक के सत्यापन में सहायता करते हैं। ये प्रणालियां माल-सूची (इन्वेंट्री) और पर्यावरणीय स्थितियों से संबंधित निरंतर आंकड़े सृजित करती हैं। डीएफपीडी के वेयरहाउस ग्रेडिंग प्लेटफॉर्म, डिपो दर्पण के साथ एकीकृत, इस आंकड़े का विश्लेषण प्रिडिक्टिव एनालिटिक्स का उपयोग करके खराब होने के जोखिम, स्टॉक संबंधी विसंगतियों या अनुपालन की कमियों से जुड़े पैटर्न की पहचान करने हेतु किया जा सकता है ताकि शीघ्र और अपेक्षाकृत अधिक जोखिम-आधारित पर्यवेक्षण से जुड़ी कार्रवाई संभव हो सके।

खाद्यान्नों की आवाजाही के दौरान, मार्ग अनुकूलन उपकरणों ('अन्न चक्र') का उपयोग करके जहां परिवहन की योजना बनाई जाती है, वहीं व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम (वीएलटीएस) ट्रक की आवाजाही से जुड़े वास्तविक समय में जीपीएस आधारित आंकड़े सृजित करते हैं। राज्यों ने मार्ग अनुकूलन के जरिए लगभग 238 करोड़ रुपये की वार्षिक बचत की है। मार्ग संबंधी योजना भले ही व्यवस्थित है, लेकिन राज्यों में हजारों यात्राओं की निगरानी करना परिचालन संबंधी चुनौतियां पेश करता है। आवागमन संबंधी आंकड़ों का विश्लेषण करने और बार-बार होने वाले मार्ग विचलन, असामान्य देरी या असामान्य ठहराव को चिह्नित करने के उद्देश्य से एआई-आधारित पैटर्न का पता लगाने और विसंगति की पहचान करने की योजना बनाई जा रही है। ये विश्लेषण निगरानी को मजबूत कर रहे हैं और परिवहन संचालन के अपेक्षाकृत अधिक केन्द्रित सत्यापन को संभव बना रहे हैं।

वितरण वाले चरण में, राज्यों द्वारा रखे गए लाभार्थियों के रिकॉर्ड को स्मार्ट-पीडीएस प्लेटफॉर्म के तहत समेकित किया जाता है। इससे राशन कार्डों का एक एकीकृत राष्ट्रीय भंडार तैयार होता है। यही नहीं, इससे राज्य द्वारा परिभाषित मानदंडों के तहत संभावित रूप से अपात्र कार्डों की पहचान करने हेतु अन्य सरकारी डेटाबेस के साथ सत्यता की पुष्टि (क्रॉस-वेरिफिकेशन) भी संभव हो पाती है। अब तक, इस तरह के सत्यापन के जरिए 8.51 करोड़ राशन कार्डों को चिह्नित किया गया है। इनमें से 2.18 करोड़ कार्डों को राज्य सरकारों द्वारा उचित प्रक्रिया के बाद हटा दिया गया है। हालांकि नामों, पतों, आधार सीडिंग और परिवार की संरचना में विसंगतियां बड़े पैमाने पर नियम-आधारित जांच की प्रभावशीलता को सीमित कर सकती हैं। संभावित नकल, संबंधित पहचानों या परिवारों के असामान्य पुनर्गठन की पहचान करने हेतु मशीन लर्निंग पर आधारित आंकड़ों के मिलान की तकनीकों का उपयोग करने की योजना बनाई जा रही है। इसके परिणामस्वरूप प्राप्त होने वाले जोखिम संबंधी संकेत राज्यों द्वारा लक्षित सत्यापन में सहायता करेंगे, जिससे मौजूदा पात्रता संबंधी मानदंडों के भीतर सटीकता बेहतर होगी।

लाभार्थियों की शिकायतें सेवाओं की आपूर्ति और अनाज की गुणवत्ता के बारे में महत्वपूर्ण संकेत देती हैं। शिकायत दर्ज कराने हेतु कई साधन (ऑनलाइन पोर्टल, कॉल सेंटर, व्हाट्सएप और आईवीआरएस सहित) मौजूद हैं, लेकिन शिकायतों की संख्या और भाषाई विविधता के कारण समय पर उनका निपटान और समाधान करना मुश्किल हो जाता है। सरकार ने अन्न सहायता होलिस्टिक एआई सॉल्यूशन (आशा) शुरू किया है, जो बहुभाषी वॉयस आउटरीच और एआई-आधारित विश्लेषण का उपयोग करके लाभार्थियों से व्यवस्थित प्रतिक्रिया एकत्र करता है। स्वचालित वर्गीकरण और भावनाओं के विश्लेषण प्रशासकों के लिए डैशबोर्ड तैयार करते हैं, जिससे प्राथमिकता के निर्धारण और प्रतिक्रिया में लगने वाले समय में सुधार होता है। आशा वर्तमान में प्रति माह लगभग 20 लाख लाभार्थियों तक पहुंचती है और पूरे देश में इसका विस्तार किया जा रहा है।

अंत में, राज्य सरकारें खरीद लागत घटकों से संबंधित सहायक दस्तावेजों के साथ एनएफएसए के लिए सब्सिडी दावे (स्कैन) पोर्टल के जरिए सब्सिडी संबंधी दावों को प्रस्तुत करती हैं। प्रारूप और चेकलिस्ट भले ही मानकीकृत हैं, लेकिन अपूर्ण, बेमेल या अस्पष्ट दस्तावेज के कारण जांच और प्रतिपूर्ति में देरी हो सकती है। दस्तावेजों की प्रासंगिकता, डेटा की निरंतरता और अपलोड की स्पष्टता की पुष्टि करने हेतु एआई-आधारित दस्तावेज सत्यापन और गुणवत्ता मूल्यांकन का उपयोग किया जा रहा है। इससे बार-बार की पूछताछ कम होती है और दावों के निपटारे की प्रक्रिया में दक्षता और निरंतरता बेहतर होती है।

भारत की खाद्य सब्सिडी संरचना ने डिजिटलीकरण के जरिए पहले ही बर्बादी को कम कर दिया है। अगला बदलाव जवाबदेही में निहित है। खरीद, भंडारण, परिवहन, वितरण और दावों के निपटान की प्रक्रिया में एआई को शामिल करके, यह प्रणाली जोखिमों का शीघ्र पता लगाने, त्रुटियों को तेजी से सुधारने और लाभार्थियों को उनका हक समय पर दिलाने में अधिक समर्थ हो जाती है। कुल 80 करोड़ से अधिक लोगों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले इस कार्यक्रम में, अधिक जवाबदेही कोई मामूली सुधार नहीं बल्कि सामाजिक सुरक्षा ढांचे की संरचनात्मक मजबूती का प्रतीक है।

**(लेखक खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव हैं)**

# आज का राशिफल

### मेष राशि :

आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। किसी बात को लेकर भाई-बहन से विचार-विमर्श करेंगे। आज किसी से भी बेवजह उलझने से आपको बचना चाहिए। इस राशि के जो लोग टैक्सटाइल का काम कर रहे है, उन्हें आज अचानक बड़ा फायदा हो सकता है। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत बना रहेगा।
शुभ रंग- पिंक, शुभ अंक- 9

### वृष राशि :

आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। कई दिनों से रुका हुआ काम आज पूरा हो जाएगा। माता के साथ धार्मिक कार्यो में मन लगाने से शांति मिलेगी। शाम का समय परिवार वालों के साथ अच्छा बीतेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी ताल-मेल बना रहेगा। अपनी गलतियों से सीखकर आगे बढने् की प्रेरणा आपको मिलेगी। आज भाई-बहन के साथ गेम्स खेलने का प्लान करेंगे बड़ों का आर्शीवाद आपके साथ बना रहेगा।
शुभ रंग- नीला, शुभ अंक- 1

### मिथुन राशि :

आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। घरवालों के साथ कहीं बाहर घूमने जाना आपके लिये अच्छा रहेगा। कोर्ट-कचहरी के मामले में आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से ही सलाह लेनी चाहिए। छात्रों के लिये आज का दिन ठीक रहेगा। आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा।
शुभ रंग- लाल, शुभ अंक- 5

### कर्क राशि :

आज का दिन आपके लिए नई खुशियां लाया है। राजनीति से जुडे लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ होगी। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। महिलाएं अपने जीवनसाथी को आज कुछ मीठा बना कर खिला सकती हैं दोनों के बीच रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।
शुभ रंग- पर्पल, शुभ अंक- 3

### सिंह राशि :

आज आपका दिन ठीक रहेगा। किसी भी काम को करते समय अपना मन शांत रखना चाहिए, इससे आपका काम आसानी से पूरा होगा। पैसों से जुड़े बड़े फैसले आपको सोच-समझकर ही लेने चाहिए। किसी पुरानी बात को लेकर आप उलझन की स्थिति में आ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ रिश्ते को बेहतर बनाने के लिये, उन्हें कुछ उपहार देंगे।
शुभ रंग- ग्रे, शुभ अंक- 3

### कन्या राशि :

आज आपका दिन उत्तम रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा से रिलेटिड शुभ समाचार मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। आप दोस्तों के साथ कुछ खुशी के पल बितायेंगे। जो लोग मीडिया से जुड़े हुए हैं, उनके कामों की आज प्रशंसा होगी।
शुभ रंग- गोल्डन, शुभ अंक- 5

### तुला राशि :

आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज बिजनेस में आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। थोड़ी मेहनत से किसी बड़े धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा। अनजान व्यक्ति आपका फायदा उठा सकता है, थोड़ा सतर्क रहने की आवश्यकता है।
शुभ रंग- भूरा, शुभ अंक- 9

### वृश्चिक राशि :

आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। आज आप नया हुनर सीखेंगे। परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। आज आपके घर में मेहमान आ सकते हैं, घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। आज कारोबार में आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। आज जीवनसाथी की मदद से आपका काम आसान हो जायेगा। प्रॉपर्टी के कारोबार से आपको अच्छा ख़ासा फ़ायदा मिलने के संकेत हैं।
शुभ रंग- हरा, शुभ अंक- 1

### धनु राशि :

आज आप दिन की शुरुआत अच्छे मूड से करेंगे। आज अपने किसी रुके काम को पूरा करने का सही समय है। सिविल इंजीनीयर्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। स्वास्थ्य समस्या से परेशान लोग आज खुद को बेहतर महसूस करेंगे। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी जॉब मिलने के योग हैं। आज आप दूसरों की जरूरतों और भावनाओं को लेकर सेंसिटिव हो सकते हैं। काम में मन लगेगा आपको परिवार से सहयोग मिलता रहेगा।
शुभ रंग- ओरेंज, शुभ अंक- 7

### मकर राशि :

आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे तो बिना गड़बड़ के काम समय से पूरा हो जायेगा। आज आपको दूसरों का मूड समझने में बहुत हद तक सफलता मिलेगी। आज पारिवारिक मामले में फैसला शांति से लेंगे तो आपका काम बन जायेगा। व्यापार को बढ़ाने के लिये बनाया गया प्लान सफल होगा, व्यापार की गति पहले से तेज होगी। पहले किये गये किसी काम का बेहतर परिणाम आज आपको मिलेगा।
शुभ रंग- सिल्वर, शुभ अंक- 2

### कुंभ राशि :

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज पारिवारिक माहौल अच्छा बना रहेगा। आज धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से आपको फायदा होगा 7 रुके हुये कार्यों को पूरा करने के लिये नए सिरे से कोशिश करें। दाम्पत्य रिश्ता मजबूत बनेगा, परिवार के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों को किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मिलेगी।
शुभ रंग- सफेद, शुभ अंक- 5

### मीन राशि :

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर आगे बढने् की कोशिश करेंगे तो आपको सफलता जरुर मिलेगी। आज आप मेहनत, धैर्य और समझदारी से रुके हुये कार्यों को पूरा कर लेंगे। महिलायें आज घर के कार्यों को पूरा करने में सफल होंगी। आज ऑफिस में आपको कई जिम्मेदारियां दी जा सकती है, जिसे बखूबी निभाने में आप सफल होंगे। लवमेट आज मूवी देखने जायेंगे, साथ में डिनर भी करेंगे।
शुभ रंग- पीला, शुभ अंक- 4

## शब्द सामर्थ्य -325


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 324 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | ■ | ■ | स |
| ट | ■ | भ | ला | ई | ■ | अ | स | म |
| ना | म | ■ | ■ | स | मा | धि | ■ | झ |
| ■ | ज | ■ | बे | ■ | न | का | र | ना |
| बा | बू | ■ | आ | य | क | र | ■ | ■ |
| ■ | र | की | ब | ■ | ■ | ■ | प्र | था |
| ज | ■ | ■ | रू | प | क | ■ | ज | न |
| हा | ■ | पा | ■ | ना | म | ची | न | ■ |
| ज | हां | प | ना | ह | ■ | ता | न | ना |

## सू- दोकू क्र.325

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.324का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

रघुनंदन पारीक श्रीनगर/अजमेर। 24 फरवरी को प्रातः 11 बजे से पुष्कर तीर्थ में लगेगा दिव्य दरबार

# बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने ख्वाजा साहब की दरगाह का नाम लिए बगैर जियारती हिंदुओं को नसीहत दी

चमकता राजस्थान

## हनुमान मय हुआ ब्रह्माजी का पुष्कर तीर्थ। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डॉ. जयपाल ने भी आशीर्वाद लिया

हिंदुओं के प्रमुख तीर्थ स्थल राजस्थान के पुष्कर में तीन दिवसीय हनुमंत कथा करने के लिए बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री 22 फरवरी को पुष्कर पहुंच गए है। तय कार्यक्रम के अनुसार शास्त्री को 22 फरवरी की शाम को अजमेर के निकट किशनगढ़ एयरपोर्ट पर उतरना था, लेकिन शास्त्री का स्पेशल जेट विमान दोपहर एक बजे ही एयरपोर्ट पर उतर गया। पुष्कर पहुंचते ही मीडिया से संवाद करते हुए धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने उन हिंदुओं को नसीहत दी जो मजारों पर जाकर चादर चढ़ाते हैं। अजमेर स्थित ख्वाजा साहब की दरगाह का नाम लिए बगैर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि जो हिंदू चादर चढ़ाते हैं वे पुष्कर आकर अपने पितरों का पिंडदान तर्पण कर लिया करें, तो उनका बेड़ा पार होगा। उन्होंने पुष्कर तीर्थ को सृष्टि के रचियता ब्रह्माजी से जोड़ते हुए कहा कि उन्हें गर्व है कि वे ब्रह्मा की नगरी पुष्कर में हनुमंत कथा करने आए है। पुष्कर का




महत्व बताते हुए कहा कि ब्रह्माजी के सतयुगी देवस्थान तीर्थ में 52 कुंडों के साथ साथ 52 शक्तिपीठों में से एक भगवती मां चामुंडा भी पुष्कर में विराजमान है। पुष्कर सरोवर में पिंडदान करने का विशेष धार्मिक महत्व है। यहां उल्लेखनीय है कि अजमेर स्थित ख्वाजा साहब की दरगाह में प्रतिदिन हजारों हिंदू ख्वाजा साहब की मजार पर सूफी परंपरा के अनुरूप चादर पेश करते हैं। ऐसे हिंदू सूफी परंपराओं का पालन करते हुए दरगाह में जियारत की सभी रस्में पूरी करते हैं। दरगाह के खादिम भी मानते हैं कि अब आम दिनों में मुसलमानों से ज्यादा हिंदू समुदाय के लोग जियारत करने आते हैं। फिल्मों के निर्माता, निदेशक और स्टार भी अपनी फिल्मों की कामयाबी के लिए दरगाह में जियारत करने आते हैं।

### 24 को दिव्य दरबार:

धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की तीन दिवसीय हनुमंत कथा पुष्कर के नए मेला मैदान में 23 फरवरी से शुरू हो रही है। शास्त्री दोपहर 3 बजे से कथा का शुभारंभ करेंगे, लेकिन 24 फरवरी को प्रातः 11 बजे से कथा स्थल पर शास्त्री का दिव्य दरबार लगेगा। इस दरबार में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अपने बालाजी की कृपा से लोगों की समस्याओं का समाधान करते हैं। उपस्थित लाखों लोगों में से कुछ को मंच पर बुलाकर बताते हैं कि उनके मन में क्या सवाल है। व्यक्ति के मंच पर आने से पहले ही धीरेंद्र शास्त्री कागज पर उसकी समस्या और समाधान लिख देते हैं, इसे बालाजी का चमत्कार माना जाता है। दरबार में उपस्थित हर श्रद्धालु चाहता है कि उसे मंच पर बुलाया जाए।

### हनुमान मय हुआ पुष्कर:

यूं तो पुष्कर तीर्थ को ब्रह्माजी की नगरी कहा जाता है, लेकिन धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के आने से पुष्कर हनुमान मय हो गया है। इस तीर्थ नगरी में बालाजी के जयकारे लग रहे हैं। 22 फरवरी को पुष्कर पहुंचने पर शास्त्री ने जहां ब्रह्मा मंदिर में दर्शन किए, वहीं पवित्र पुष्कर सरोवर की पूजा अर्चना के बाद महाआरती में भाग लिया। शास्त्री ने पुष्कर के तीर्थ पुरोहितों का भी आशीर्वाद लिया। उन्होंने बताया कि वे 10 वर्ष पहले पुष्कर आए थे।

### नेताओं के आने का सिलसिला:

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर से आशीर्वाद लेने के लिए नेताओं के आने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने पुष्कर आकर शास्त्री का आशीर्वाद लिया। भले ही शास्त्री उम्र में राजे के पुत्र दुष्यंत सिंह से भी छोटे हो, लेकिन शास्त्री को धर्मगुरु का दर्जा देते हुए राजे उनके सामने जमीन पर ही बैठ। केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी, राज्य के केबिनेट मंत्री सुरेश रावत, देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओम प्रकाश भडाणा, विधानसभा में मुख्य सचेतक जोगेश्वर आदि ने भी पुष्कर पहुंचकर शास्त्री से आशीर्वाद लिया। शास्त्री और उनके साथ आए लोग पुष्कर के निकट तिलोरा वाइल्ड रोज रिसोर्ट में ठहरे हुए है। 22 फरवरी को रिसोर्ट पहुंचने पर रिसोर्ट के मालिक और अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल ने भी शास्त्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। 24 फरवरी को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भी आने का कार्यक्रम हैं। 22 फरवरी को किशनगढ़ एयरपोर्ट पर शास्त्री का स्वागत करने वालों में अजमेर के युवा भाजपा नेता अमित जैन भी शामिल रहे। हनुमंत कथा के प्रबंधन में मुख्य आयोजक गौर-ीशंकर शर्मा, पवन शर्मा के साथ अमित जैन भी प्रमुख भूमिका है।

## संक्षिप्त समाचार

### एक परिवारों की झोपड़ियां जलीं:आवास की व्यवस्था की उम्मीद, लाखों का सामान राख, प्रशासन से मदद की मांग



**चमकता राजस्थान/किशनगढ़।** रेनवाल तहसील की ग्राम पंचायत सुण्डा का बास अज्ञात कारणों के चलते एक कच्चे घर में आग लग गई। जिससे घर में रखा लाखों रुपए का समान आग की भेंट चढ़ गया। गोपाल पुत्र मेवाराम जाट ने बताया कि वह गांव में कच्चे घरों में रहता है। वह शाम को करीब 4बजे के समय अपने खेतों में काम कर रहा था। अचानक उसे अपने कच्चे घर से धुआं तथा आग की लपटें नजर आई। जिसे देख कर वह जोर-जोर से शोर मचाने लगा। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने दौड़कर आये और आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक आग ने प्रचंड रूप ले लिया और कुछ देर में ही घर जल गया। घर में रखी अनाज, पांच चारपाई, तीन बोरी गेहूं, , कपड़े तथा बिस्तर तथा नकदी सहित 15 मन चारा जलकर राख हो गया। आग लगने पर ग्रामीणों ने सरकार से पीड़ित परिवार के सहयोग की मांग की है।

### 25 हजार की रिश्वत लेते खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी रंगे हाथों गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान/सवाई माधोपुर।** गंगापुर सिटी में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की सवाई माधोपुर इकाई ने कार्रवाई करते हुए उपखंड गंगापुर सिटी में पदस्थ खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी बत्तीलाल मीना को 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर की गई। एसीबी के अनुसार परिवादी ने शिकायत दी थी कि उसे व्यवस्थार्थ पदस्थापन स्थल से मूल पदस्थापन स्थल पर लगाने के लिए 30 हजार रुपये की रिश्वत मांगी जा रही है। सत्यापन के दौरान आरोपी द्वारा 5 हजार रुपये पहले ही लिए जा चुके थे, जबकि शेष 25 हजार रुपये की मांग की जा रही थी।



शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी भरतपुर रेंज के उप महानिरीक्षक के सुपरविजन में सवाई माधोपुर इकाई ने ट्रैप कार्रवाई की। इस दौरान आरोपी को परिवादी से 25 हजार रुपये लेते हुए मौके पर ही डिटेन किया गया। एसीबी अधिकारियों ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है। मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

### अन्तर्राज्यीय भैंस चोर गिरोह का पर्दाफ-ाश, एक अभियुक्त गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान/ब्यूरो चीफ : धरम सिंह - झालावाड़। डग** । पुलिस ने अन्तर्राज्यीय भैंस चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने चुराई हुई तीन भैंसे भी बरामद की हैं। डग पुलिस ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए खिलचीपुर चौराहे से बीरम तंवर निवासी पूराबारोल थाना भोजपुर, जिला राजगढ़ मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से चुराई हुई तीन भैंसे बरामद की हैं। गत दिनों पूर्व थाना डग में एक मामला दर्ज हुआ था, जिसमें श्याम सिंह निवासी डग ने अपनी तीन भैंसे चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए बीरम तंवर को गिरफ्तार किया है। बीरम तंवर ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी करना बताया है। उसके अन्य साथियों की पुलिस द्वारा तलाश जारी है। बीरम तंवर ने अपने साथियों के साथ मिलकर देवास मध्यप्रदेश में भी चोरी करना स्वीकार किया है।

## राज्यसभा सांसद डॉ पाटीदार ने मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 बजट पर धार में पत्रकार-वार्ता को किया संबोधित

चमकता राजस्थान

**जनजातीय समुदाय की नई पीढ़ी के सम्पूर्ण शैक्षणिक विकास के लिये संकल्पति भाजपा सरकार -राज्यसभा सांसद डॉ कविता पाटीदार**

**यह बजट केवल आय व्यय का विवरण नही है बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण सशक्त रोडमैप है : डॉ कविता पाटीदार**

राजेश यादव/धार। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तुत रु 4.38 लाख करोड़ के ऐतिहासिक एवम सर्वसमावेशी बजट पर सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय धार में आयोजित विस्तृत प्रेस वार्ता को भाजपा वरिष्ठ नेता राज्यसभा सांसद डॉ कविता पाटीदार ने सम्बोधित किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती भाजपा प्रदेश मंत्री जयदीप सिंह पटेल जिला महामंत्री देवेंद्र सोनोने भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा सह मीडिया प्रभारी मनोज कवि विशेष रूप से उपस्थित रहें।

राज्यसभा सांसद डॉ कविता पाटीदार ने कहा कि यह बजट ''GYAN-II '' माडल पर आधारित एक दूरदर्शी दस्तावेज है जो ग़रीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के समग्र उत्थान के साथ साथ अधोसंरचना और औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल आय व्यय का विवरण नही है बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण सशक्त रोडमैप है । भाजपा सरकार जनजातीय समुदाय की नई पीढ़ी को हर क्षेत्र में आगे लाने के लिये प्रतिबद्ध है। साथ ही जनजातीय सांस्कृतिक पहचान एवं विरासत को बनाये रखने के साथ ही विकास प्रक्र-िया में हर स्तर पर उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। राज्य सरकार ने जनजातीय विद्यार्थियों की शिक्षा के लिये पर्याप्त बजट प्रावधान किया है। शिक्षा के अलावा सामाजिक एवं आर्थकि विकास के लिये भी पर्याप्त धनराशि




का प्रावधान किया गया है।

कृषि और किसान कल्याण के लिए 5 एच पी के कृषि पंपों हेतु रु 5276 करोड़ का प्रावधान दलहन आत्मनिर्भर मिशन के लिए 335 करोड़ तथा समर्थन मूल्य पर बोनस भुगतान हेतु रु 150 करोड़ निर्धारित किए गए हैं । आपातकालीन ऋण पर व्याज अनुदान के लिए 720 करोड़ की व्यवस्था की गई है । प्रधानमंत्री कृषक सूर्य मित्र योजना के अन्तर्गत 1 लाख सोलर पंप उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है जिससे किसानों को सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध होगी । पशुपालन गतिविधियों के लिए 2364 करोड़ का प्रावधान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती देगा ।

ग़रीब कल्याण और सामाजिक सुरक्षा के लिए 2857 करोड़ तथा पिछड़ा वर्ग एवं अन्य वर्गों के कल्याण के लिए 1691 करोड़ का प्रावधान किया गया है ग्रामीण परिवारों को आबादी भूमि का मालिकाना हक प्रदान करने और पंजीयन व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन करने के लिए 3800 करोड़ कि व्यवस्था की गई है सांसद ने कहा कि ये निर्णय सामाजिक न्याय और आर्थिक स्थिरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम है ।

नारी सशक्तिकरण के लिए दिए बजट को बजट का आत्मा बताते हुए सांसद ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0 के लिए रु 1801 करोड़ तथा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के लिए 23883 करोड़ का प्रावधान किया गया है यशोदा दुग्ध प्रदाय योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों के पोषणस्तर को सुदृढ़ करने हेतु 700 करोड़ का प्रावधान किया गया है ।

यह बजट समावेशी विकास की अवधारणा को साकार करता है और मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने वाला निर्णायक कदम है । उन्होंने कहा कि यह बजट प्रदेश के प्रत्येक नागरिक के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बनेगा और मध्यप्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाएगा ।

भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और राज्य में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सरकार के माध्यम से जिले में पीएम मित्र पार्क मेडिकल कॉलेज तिलगारा और हातोद में उद्योग कार्य समेत इंदौर दाहोद रेल लाईन तथा धार नगर में धारनाथ लोक का निर्माण विकास की पहचान है।

## अमृत भारत योजना के तहत मेड़ता रोड रेलवे स्टेशन का 80% कार्य पूर्ण,

- **यात्रियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं**



**चमकता राजस्थान/मेड़ता रोड/एजाज़ अहमद उस्मानी।** मेड़ता रोड रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य अमृत भारत योजना के अंतर्गत तेजी से प्रगति पर है और लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। स्टेशन के तैयार होते ही यात्रियों को आधुनिक और बेहतर सुविधाओं का लाभ मिलेगा। यह स्टेशन उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल का एक प्रमुख रेलवे स्टेशन है, जहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री आवागमन करते हैं।

- **आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा स्टेशन**

पुनर्विकास कार्य के तहत स्टेशन भवन को आधुनिक स्वरूप दिया जा रहा है। नए डिज़ाइन में आकर्षक प्रवेश द्वार, बेहतर प्रतीक्षालय, आधुनिक शौचालय, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं और साफ-सुथरा प्लेटफॉर्म शामिल हैं। यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी कैमरे, डिजिटल सूचना बोर्ड और बेहतर प्रकाश व्यवस्था की जा रही है।

- **यातायात और क्षेत्रीय विकास को मिलेगा बढ़ावा**

मेड़ता रोड स्टेशन पश्चिमी राजस्थान के महत्वपूर्ण रेलवे जंक्शनों में से एक है। इसके उन्नयन से न केवल यात्रियों को आरामदायक यात्रा अनुभव मिलेगा, बल्कि क्षेत्रीय व्यापार, पर्यटन और रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा मिलेगा। स्टेशन के बाहरी परिसर का भी सौंदर्यीकरण किया जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को बेहतर परिवेश मिल सके।

- **अमृत भारत योजना का उद्देश्य**

भारतीय रेल द्वारा संचालित अमृत भारत योजना का उद्देश्य देशभर के प्रमुख रेलवे स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त करना है। इस योजना के तहत स्टेशनों को यात्री सुविधाओं, स्वच्छता, सुरक्षा और सौंदर्यीकरण के मानकों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है।स्टेशन का शेष कार्य भी शीघ्र पूर्ण होने की संभावना है। पुनर्विकसित मेड़ता रोड रेलवे स्टेशन यात्रियों के लिए अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और आकर्षक यात्रा केंद्र के रूप में उभरेगा।

### आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

## ई-फाइल प्रणाली का शत-प्रतिशत उपयोग करने के निर्देश : जिला कलक्टर

चमकता राजस्थान

**राकेश अग्रवाल /सवाई माधोपुर।** बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, सम्पर्क पोर्टल, बजट घोषणाओं सहित आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।



जिला कलक्टर ने सभी राजकीय कार्यालयों में निरीक्षण रजिस्टर का संधारण करने, गत बैठक में दिए गए निर्देशों की पालना रिपोर्ट कलक्ट्रेट कार्यालय भिजवाने, आगामी त्यौहारों के मध्येनजर जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी उपखण्डों में शांति समिति की बैठक का आयोजन करवाने के निर्देश सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को प्रदान किए।

उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों को सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं विकास अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए 27 फरवरी तक समर कन्टजैन्सी प्लान तैयार करवाकर कलक्ट्रेट भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिला एवं उपखण्ड स्तर पर कार्यालयों में सभी कार्यो एवं परिवादों से सम्बन्धित डाक को ई-डाक के माध्यम से भेजे और उसकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिकों द्वारा ई-फाइल प्रणाली का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

1 से 30 अप्रैल तक सभी कार्यालयों में चलेगा स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता अभियान :- उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव के निर्देशानुसार 1 से 30 अप्रैल तक सभी कार्यालयों और परिस-रों में स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता अभियान चलाकर अनुपयोगी सामग्री का अभिलेखन करें और नकारा आलमारी व कबाड़ का निष्पादन किया जाए। साथ ही, कार्यालय कक्ष में कार्मिकों की संख्या अनुसार बेहतर प्रबन्धन किया जाए।

फील्ड भ्रमण कर फसल कटाई का जायजा लें :- उन्होंने सभी उपखण्ड अधिकारी और तहसीलदारों को फील्ड भ्रमण कर फसल कटाई का जायजा लेने और गिरदावरी समय पर पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी उपखण्ड अधिकारी रिव्यू मिटिंक का आयोजन कर फ्लैगशिप योजनाओं में सुधार लाए।

सम्पर्क पोर्टल पर असंतुष्ट परिवादों का फील्ड सत्यापन कर प्रभावी निस्तारण के निर्देश :- जिला कलक्टर ने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल (सीएम हेल्पलाइन-181) पर प्राप्त परिवादों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी शिकायतों का 30 दिवस के भीतर संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि असंतुष्ट परिवादों का पुनः मिशन मोड में फील्ड सत्यापन किया जाए। इसके लिए ब्लॉक स्तरीय एवं जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा आवेदक से सीधे संवाद करते हुए वास्तविक राहत सुनिश्चित की जाए। असंतुष्ट प्रकरणों की पहचान कर एक सप्ताह में समयबद्ध सत्यापन पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### पटवारी सीधी भर्ती-2025 के तहत जिले को आवंटित 59 नव-चयनित पटवारियों के नियुक्ति आदेश जारी

**चमकता राजस्थान/रामस्वरूप सैनी/डीडवाना।** कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर द्वारा आयोजित पटवारी सीधी भर्ती परीक्षा-2025 में अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों में से राजस्व मण्डल अजमेर द्वारा डीडवाना-कुचामन जिले को आवंटित कुल 59 पटवारियों के नियुक्ति आदेश सोमवार को जिला कलक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत द्वारा जारी कर दिए गए हैं। कलेक्ट्रेट के भू- अभिलेख निरीक्षक कपिल देव शर्मा ने बताया कि राजस्व मंडल, अजमेर द्वारा अभ्यर्थियों की जिला आवंटन सूची जारी होने के पश्चात, जिला प्रशासन द्वारा सभी चयनित 59 अभ्यर्थियों के स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र पुलिस सत्यापन रिपोर्ट सहित मूल दस्तावेजों का सत्यापन का 25 फरवरी तक जिला कलक्टर कार्यालय की भू- अभिलेख शाखा में किया जायेगा। उन्होंने बताया कि सभी नवनियुक्त अभ्यर्थियों को 26 फरवरी से राजकीय बांगड महाविद्यालय के मुख्य छात्रावास में प्रशिक्षण में उपस्थित होना आवशयक है। उन्होंने बताया कि नियुक्ति आदेश की विस्तृत सूची की जानकारी जिले की आधिकारिक वेबसाइट तथा जिला कलक्टर कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

### विधानसभा घेराव को लेकर सैनी समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित



**चमकता राजस्थान/भरतपुर/ ब्यूरो चीफ श्याम सुन्दर वर्मन।** आरक्षण संघर्ष समिति के जिला संयोजक रामगोपाल सैनी एडवोकेट की अध्यक्षता में विधानसभा घेराव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में 25 फरवरी को 12% आरक्षण की मांग को लेकर राजस्थान विधानसभा का घेराव किए जाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर आरक्षण संघर्ष समिति, भरतपुर के अध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने बताया कि सैनी, माली, कुशवाहा, मौर्य एवं मुरार समाज लंबे समय से 12% आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलनरत है, लेकिन अब तक सरकार की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि समाज की जायज मांगों को लेकर 25 फरवरी को होने वाले विधानसभा घेराव के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। बैठक में जानकारी दी गई कि भरतपुर जिले से 31 फोर-व्हीलर वाहनों में सैनी समाज के सैकड़ो की संख्या में लोग जयपुर पहुंचकर विधानसभा घेराव में भाग लेंगे। कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं अनुशासित तरीके से संपन्न कराने का आ''ान किया गया।

बैठक में समाज के विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने एकजुट होकर आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर टिल्लू सैनी पवन सैनी टीटू सैनी शिबा सैनी मदन सैनी दिनेश सैनी सुगंन सैनी प्रदीप आदि मौजूद रहे।

### जालोर के भोलेनाथ रिसॉर्ट को नगर-परिषद का नोटिस

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** तालाब की जमीन पर भवन निर्माण का आरोप; पट्टे निरस्त हो सकते हैं। जालोर नगर परिषद ने मास्टर प्लान उल्लंघन एवं अवैध रूपांतरण के मामले में जालोर नगर परिषद ने जालोर के सामतीपुरा रोड़ पर स्थित भोलेनाथ रिसोर्ट के पक्षकारों को नोटिस जारी किया है। राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 73 (ख) के तहत जारी इस नोटिस में बताया गया है कि मास्टर प्लान 2031 के प्रावधानों की अनदेखी करते हुए भूखंड का अवैध रूप से उपयोग कर परिवर्तन किया गया है। नगर परिषद आयुक्त दिलीप माथुर ने बताया कि नगर परिषद द्वारा जारी आदेश के अनुसार, संबंधित भूखंड वृक्षारोपण पट्टी एवं प्रस्तावित 80 फीट चौड़ी सड़क मार्ग के लिए आरक्षित क्षेत्र में स्थित है। आरोप है कि मास्टर प्लान की शर्तों का उल्लंघन कर भूमि का रूपांतरण कर दिया गया और आवासीय प्रयोजन के लिए पट्टा भी जारी करवा लिया गया, जो गलत है। इस मामले में राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण, भोपाल द्वारा पारित आदेश एवं जिला कलक्टर जालोर के निर्देशों के आधार पर कार्रवाई करते हुए नोटिस देकर 27 फरवरी तक नगर परिषद में उपस्थित होने के साथ जबाव मांगा हैं। यह नोटिस 20 फरवरी को जारी किया गया हैं। 27 फरवरी तक संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर पट्टा निरस्त करने सहित अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नगर परिषद ने पहले भी कोर्ट के आदेश पर इसे सीज करने की कार्रवाई की गई थी।

### बेटी फाउंडेशन क्लब द्वारा 'पिंक रत्न सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन; 151 प्रतिभाएँ सम्मानित



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** महिला सशक्तिकरण और समाज सेवा की दिशा में कार्यरत बेटी फाउंडेशन क्लब द्वारा जयपुर के राज आँगन रिसॉर्ट में 'पिंक रत्न सम्मान समारोह' का गरिमामय आयोजन किया गया। आयोजक राज शर्मा और राहुल शर्मा ने बताया कि समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज की उन सशक्त महिलाओं और बेटियों को मंच प्रदान करना था, जिन्होंने अपनी मेहनत और प्रतिभा से विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाई है।

#### ● समारोह की मुख्य विशेषताएँ

**नारी शक्ति का सम्मान:** कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, कला, खेल, व्यापार और अन्य विशिष्ट क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली 151 बेटियों और महिलाओं को 'पिंक रत्न' से नवाजा गया।

**भामाशाहों का आभार:** समाज सेवा के कार्यों में निरंतर सहयोग देने वाले और उत्कृष्ट कार्य करने वाले 31 भामाशाहों का भी इस अवसर पर विशेष सम्मान किया गया।

**प्रेरक उद्बोधन:** आयोजन के दौरान वक्ताओं ने बेटियों को आगे बढ़ाने और समाज में समानता के अवसर प्रदान करने पर जोर दिया।

बेटी फाउंडेशन क्लब के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था का लक्ष्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाना और उन महिलाओं को प्रोत्साहित करना है जो पर्दे के पीछे रहकर समाज निर्माण में अपना योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी सम्मानित अतिथियों ने फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना की।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने तैयारियों का किया अवलोकन

# कायड़ विश्रामस्थली में प्रधानमंत्री की प्रस्तावित जनसभा

चमकता राजस्थान

**अजमेर।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की आगामी 28 फरवरी को प्रस्तावित विशाल जनसभा के मद्देनजर अजमेर की कायड़ विश्रामस्थली में सोमवार को उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने तैयारियों का अवलोकन किया। जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत, संभागीय आयुक्त श्री शक्ति सिंह राठौड़, पुलिस महानिरीक्षक श्री राजेन्द्र सिंह, जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु एवं पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने तैयारियों से अवगत कराया। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्त व्यवस्थाएं समयबद्ध, सुव्यवस्थित एवं



जनसुविधा को केंद्र में रखकर पूर्ण की जाएं। यह आयोजन ऐतिहासिक एवं अनुकरणीय बने। मौसम में बदलाव को देखते हुए पेयजल की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। प्रत्येक ब्लॉक में पानी के केम्पर तथा पार्किंग में पानी के टेंकर रहे। इसके अतिरिक्त अन्य स्थानों पर भी पेयजल उपलब्ध रखने के लिए अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री रामचन्द्र राड़ को कहा गया।

उन्होंने विभिन्न स्थानों से आने वाले लाभार्थियों की सुविधा के लिए चैक पोस्ट स्थापित करने के लिए निर्देश दिए। लाभार्थियों के आगमन एवं प्रस्थान के समय यातायात के दबाव को नियंत्रित



करने के लिए समय प्रबन्धन किए जाने की आवशयकता है। मुख्य स्थल में बड़ी संख्या में एलईडी भी लगाई जानी चाहिए। प्रत्येक ब्लॉक में कूलर लगे होने से लाभार्थियों को सुविधा रहेगी। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों के प्रवेश के समय सुरक्षा जांच के दौरान लगने वाले समय को कम करने की आवशयकता है। इसके लिए प्रवेश जांच स्थलों की संख्या बढ़ाई जाए। अजमेर की यह जनसभा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि विकास और विश्वास का उत्सव होगी। उन्होंने किसानों, युवाओं एवं आमजन से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया।

इस अवसर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री राम प्रकाश, अजमेर विकास प्राधिकरण की आयुक्त श्रीमती नित्या के., उपखण्ड अधिकारी श्रीमती गरिमा नरूला, डॉ. नेहा राजपूत, अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री नरेंद्र कुमार मीणा, प्रदेश महामंत्री श्री कैलाश मेघवाल, महामंत्री श्री भूपेंद्र सैनी, जिलाध्यक्ष श्री रमेश सोनी, देहात जिलाध्यक्ष श्री जीतमल प्रजापत तथा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. अरविंद शर्मा गिरधर, जिला महामंत्री श्री किसन बंग, जिला मंत्री श्री चंद्रेश सांखला सहित प्रमुख कार्यकर्ता, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य उपस्थित रहे।

## बजट में नियमितीकरण नहीं होने पर 24 फरवरी को जयपुर में संविदा कर्मियों का महाआंदोलन

चमकता राजस्थान

**दिलीप चौहान/देवली कलां ब्यावर।** राजस्थान सरकार द्वारा बजट में संविदा कर्मियों के नियमितीकरण/स्थायीकरण को लेकर कोई स्पष्ट घोषणा नहीं किए जाने से प्रदेशभर के संविदा शिक्षक, पंचायत शिक्षक, विद्यालय सहायक, शिक्षा कर्मी एवं पैराटीचर संगठनों में भारी रोष व्याप्त है। इसी के विरोध में 24 फरवरी को जयपुर स्थित शहीद स्मारक पर संविदा कर्मियों का महाआंदोलन आयोजित किया जाएगा। संविदा कर्मियों का कहना है कि पिछले वर्ष बजट 2025-26 में राजस्थान संविदा सेवा नियम 2022 (Rajasthan Contractual Hiring to Civil Post Rules, 2022) के अंतर्गत आईएएस पैटर्न पर पूर्व अनुभव में दो वर्ष की छूट देकर नियमितीकरण/स्थायीकरण की घोषणा की गई थी। इसके बावजूद आज दिनांक तक राजस्थान सरकार अथवा संबंधित विभागों द्वारा न तो कोई स्पष्ट आदेश जारी किए गए हैं और न ही घोषणा का प्रभावी क्रियान्वयन किया गया है।

नियमों के अनुसार, जो संविदा कर्मी निरंतर सेवा दे रहे हैं, उनके पद नियमित होने की स्थिति में स्क्रीनिंग प्रक्रिया के माध्यम से उन्हें स्थायी किया जा सकता है। सरकार ने बजट में यह भी कहा था कि अनुभव की गणना में दो वर्ष की छूट दी जाएगी, जिससे पंचायत शिक्षक, विद्यालय सहायक सहित अन्य संविदा कर्मियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया सरल हो सके। लेकिन जमीनी स्तर पर अब तक इसका कोई लाभ नहीं मिला है। राजस्थान पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक संघ, शिक्षा कर्मी एवं पैराटीचर संघ के पदाधिकारियों, पंचायत शिक्षक विधालय सहायक संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष किशोर कुमार यादव एवं जिला सह-सचिव ब्यावर पाली के दिलीप चौहान ने बताया कि अनेक संविदा कर्मी 15 से 20 वर्षों से अधिक समय से सेवाएं दे रहे हैं, कई की उम्र 50 वर्ष से अधिक हो चुकी है, फिर भी उन्हें आज तक स्थायी सेवा का अधिकार नहीं मिल पाया है। इससे उनके परिवार के भरण-पोषण, बच्चों की शिक्षा और भविष्य को लेकर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। राज्य में कई जिला स्तर पर लंबे समय तक चले अनिश्चितकालीन धरनों के बाद भी जब सरकार की ओर से कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तब सभी संगठनों ने राज्य-स्तरीय आंदोलन का निर्णय लिया। इसके तहत 24 फरवरी को जयपुर में विशाल धरना-प्रदर्शन कर संविदा सेवा नियम 2022 को पूर्ण रूप से लागू करने और तत्काल नियमितीकरण के आदेश जारी करने की मांग की जाएगी। संविदा कर्मियों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने शीघ्र उनकी मांगों पर निर्णय नहीं लिया, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## सहारनपुर मे नागरिक सुरक्षा (Civil Defence) का सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** ऑपरेशन सिन्दूर' के बाद बदली आंतरिक सुरक्षा की रणनीति, सहारनपुर के 360 स्वयंसेवक राष्ट्र सेवा को तैयार, उत्तर प्रदेश शासन एवं नागरिक सुरक्षा निदेशालय, लखनऊ के निर्देशों के क्रम मे, सहारनपुर में सोमवार से सात दिवसीय 'क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम' का द्वितीय चरण उत्साहपूर्वक शुरू हुआ। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के विजन के अनुरूप प्रदेश के सभी 75 ज़िलों मे नागरिक सुरक्षा के विस्तार की कड़ी में यह आयोजन 22 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक महाराज सिंह कॉलेज में आयोजित किया जा रहा है।

#### ● प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य और पाठ्यक्रम

सोमवार को आयोजित सत्र में विशेषज्ञों द्वारा स्वयंसेवकों को अग्नि सुरक्षा के तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी गई। मुख्य वक्ताओं में उप-नियंत्रक कश्मीर सिंह, सहायक उप-नियंत्रक दिनेश कुमार, मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रताप सिंह एवं मुख्य अग्निशमन अधिकारी-2 रिषभ पंवार शामिल रहे। प्रशिक्षण के दौरान Fire Triangle, दहन के सिद्धांत, आग के वर्गीकरण, आग लगने के संभावित कारण एवं बचाव, अग्निशमन की विधियां (Extinction methods), हाउस फायर पार्टियों का संगठन तथा अग्निशमन यंत्रों के प्रभावी उपयोग पर गहन जानकारी प्रदान की गई।

#### ● ऐतिहासिक संदर्भ और विस्तार

मई 2025 के ऐतिहासिक 'ऑपरेशन सिन्दूर' के बाद देश की आंतरिक सुरक्षा में नागरिक सुरक्षा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। उप-नियंत्रक कश्मीर सिंह ने बताया कि 29 मई 2025 की भारत सरकार की अधिसूचना के बाद मुख्यमंत्री के निर्देशन में प्रदेश के सभी ज़िलों मे विभाग का विस्तार हुआ। सहारनपुर में निर्धारित 360 स्वयंसेवकों के लक्ष्य के सापेक्ष, प्रथम चरण में 150 सदस्यों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।आज से शुरू हुए द्वितीय चरण में 210 नए स्वयंसेवक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जिससे ज़िले मे कुल 310 (प्रक्रियाधीन) प्रशिक्षित रक्षक तैयार हो जाएंगे।

#### ● बिना वर्दी के सिपाही हैं वार्डन

चीफ वार्डन राजेश कुमार जैन साहब ने स्वयंसेवकों को 'बिना वर्दी का सिपाही' बताते हुए कहा कि सिविल डिफेंस का मुख्य लक्ष्य हवाई हमलों के दौरान जन-धन की क्षति को कम करना, जनता का मनोबल बनाए रखना और आपदा के समय राहत कार्य सुनिश्चित करना है। उन्होंने सहारनपुर की बढ़ती आबादी को देखते हुए जल्द ही चार नए डिवीजन सक्रिय करने की घोषणा भी की।

यह प्रशिक्षण न केवल आपदा प्रबंधन बल्कि शांति व्यवस्था और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में भी एक मील का पत्थर साबित होगा।

## बगरू में पेंशनर्स का वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न, उत्कृष्ट शाखाओं का सम्मान

चमकता राजस्थान

**बगरू/सांभर लेक/ कालीचरण सैनी।** राजस्थान पेंशनर समाज बगरू के सौजन्य से जिला जयपुर ग्रामीण का वार्षिक अधिवेशन उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष श्री शंकर सिंह मनोहर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष श्री गोपाल सिंह, जयपुर शहर अध्यक्ष श्री जी.के. मीणा एवं कार्यालय सचिव श्री प्रहलाद सहाय शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला जयपुर ग्रामीण अध्यक्ष श्री नंदलाल भारद्वाज ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गणेश जी महाराज एवं पेंशनर्स के मसीहा स्व. डी.एस. नकारा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अतिथियों का साफा, दुपट्टा एवं माला पहनाकर स्वागत-



सत्कार किया गया। अधिवेशन को सफल बनाने में आर्थिक सहयोग देने वाले भामाशाहों को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया गया।

जयपुर ग्रामीण की 16 उपशाखाओं से आए अध्यक्षों एवं उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट शाखा बसी को विशेष रूप से सम्मान प्रदान किया गया। अध्यक्ष श्री नंदलाल भारद्वाज ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए संगठन की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला, वहीं कोषाध्यक्ष श्री महावीर प्रसाद गुप्ता ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में श्री मुख्य अतिथि श्री शंकर सिंह मनोहर ने आगामी प्रांतीय एवं राष्ट्रीय अधिवेशन में अधिक से अधिक सहभागिता का आ''ान किया। प्रदेश उपाध्यक्ष श्री गोपाल सिंह ने कहा कि यदि सरकार आठवें वेतन आयोग का लाभ नहीं देती है तो पेंशनर्स को संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा। जयपुर शहर अध्यक्ष श्री जी.के. मीणा ने आरजीएचएस योजना की जानकारी देते हुए साइबर फ्रॉड से बचने की सलाह दी। कार्यालय सचिव श्री प्रहलाद सहाय शर्मा ने पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

नंदलाल भारद्वाज ने संगठन को हर परिस्थिति में सहयोग का भरोसा दिलाया। महामंत्री श्री ओम प्रकाश हरित ने धन्यवाद ज्ञापित किया। अधिवेशन में भारद्वाज चिकित्सालय बगरू द्वारा निःशुल्क मेडिकल काउंटर लगाया गया, जहां डॉ. कुलदीप एवं उनकी टीम ने वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की। राष्ट्रगान के साथ अधिवेशन का समापन हुआ। अंत में सभी पेंशनर्स ने भोजन एवं मिष्ठान का आनंद लिया तथा स्मृति स्वरूप आकर्षक बैग वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन प्रो. डॉ. ज्ञान प्रकाश दायमा ने प्रभावी रूप से किया।

## लखीसराय में राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर महत्वपूर्ण बैठक

**चमकता राजस्थान/लखीसराय से सौरव कुमार।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश लखीसराय के निर्देशानुसार सचिव विद्यानंद सागर जी ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के विभिन्न थानों के थानाध्यक्षों के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। सचिव ने निर्देश दिया कि अधिक से अधिक लंबित मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित वादों में शीघ्र नोटिस भेजा जाए तथा सभी पक्षकारों को समय पर सूचना उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि लोक अदालत आपसी सुलह समझौते के माध्यम से त्वरित न्याय का प्रभावी मंच है, इसलिए इसकी सफलता के लिए पुलिस प्रशासन की सक्रिय भूमिका आवशयक है। बैठक में लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार, संभावित मामलों की पहचान तथा समन्वय के साथ कार्य करने पर भी जोर दिया गया ताकि अधिक लोग इसका लाभ जल्द उठा सकें।

## राज्य स्तरीय धरना-प्रदर्शन में शामिल हुए गैस्ट फैकल्टी सहायक आचार्य, जिले में राजकीय महाविद्यालयों में एक दिन का रहा कार्य बहिष्कार

चमकता राजस्थान

**धौलपुर रामदास तरुण। धौलपुर, 23 फरवरी 2026।** उच्च शिक्षा विभाग में प्रस्तावित टीचिंग एसोसिएट संविदा भर्ती के विरोध तथा विद्या संबल योजना के अंतर्गत कार्यरत सहायक आचार्यों के समायोजन की मांग को लेकर आज जयपुर स्थित शहीद स्मारक पर राज्य स्तरीय एक दिवसीय विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस आंदोलन में धौलपुर जिले के विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत गैस्ट फैकल्टी सहायक आचार्यों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाते हुए अपनी एकजुटता प्रदर्शित की।

प्रदेशभर के NET, SET एवं PhD उपाधिधारी सहायक



आचार्यों द्वारा आयोजित इस प्रदर्शन का उद्देश्य वर्ष 2026 में प्रस्तावित संविदा भर्ती प्रक्रिया पर पुनर्विचार की मांग करना था। शिक्षकों का कहना है कि नियमित पदों के स्थान पर अस्थायी नियुक्तियों को प्राथमिकता देना उच्च शिक्षा की गुणवत्ता के लिए चिंताजनक है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि वर्षों से अध्यापन कार्य में योगदान दे रहे अनुभवी शिक्षकों को नई भर्ती प्रक्रिया में प्राथमिकता के आधार पर समायोजित किया जाए।

धौलपुर वीएसवाई संगठन ने इस राज्यव्यापी आंदोलन का समर्थन करते हुए जिले में एक दिन के कार्य बहिष्कार की घोषणा की। जिले के महाविद्यालयों में कार्यरत संकाय सदस्यों ने शिक्षण कार्य से विरत रहकर जयपुर पहुंचकर धरना-स्थल पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यह बहिष्कार सरकार तक अपनी मांगों की गंभीरता पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया।

धरना-प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि विद्या संबल योजना के अंतर्गत कार्यरत सहायक आचार्य लंबे समय से सीमित मानदेय पर नियमित रूप से शिक्षण कार्य कर रहे हैं और महाविद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य नई भर्ती का विरोध करना नहीं, बल्कि वर्तमान कार्यरत शिक्षकों के अनुभव और सेवा अवधि को मान्यता दिलाना है। प्रदर्शन के दौरान ''हमारा हक दो'', ''अभी नहीं तो कभी नहीं'' और ''युवाओं का अधिकार, नहीं समझौता'' जैसे नारों के माध्यम से शिक्षकों ने अपनी मांगों को मुखर रूप से रखा। संगठन ने संकेत दिया कि यदि शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो व्यापक आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। धरना-प्रदर्शन में धौलपुर जिले से डॉ. रविन्द्रनाथ, डॉ. श्रवण कुमार चिहार, मनोज गौतम, डॉ. कपिल, श्री विश्वेन्द्र सिंह, श्रीमती पायल जैन, डॉ. गौरी दीक्षित, डॉ. ममता सिंह, डॉ. पंकज सिंह, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. मधु, डॉ. नीतीश भारद्वाज, डॉ. मधुबाला सिंह, डॉ. धुरवेंद्र सिंह, डॉ. ओपी उपाध्याय, डॉ. केके उपाध्याय सहित अन्य ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी ने एक स्वर में कहा कि यह संघर्ष व्यक्तिगत नहीं, बल्कि विद्या संबल शिक्षकों के सम्मान और भविष्य की सुरक्षा के लिए है।

## संक्षिप्त समाचार

### लाम्बा जाटान-सोडास सड़क अधूरी

- जलभराव से ग्रामीणों में आक्रोश, प्रशासन ने जल्द समाधान का दिया भरोसा



**चमकता राजस्थान/मेड़ता रोड/एजाज़ अहमद उस्मानी।** मेड़ता रोड के निकटवर्ती लाम्बा जाटान से सोडास तक बन रही मुख्य सड़क का करीब एक किलोमीटर हिस्सा अधूरा पड़ा होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर डामरीकरण नहीं होने और जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण कीचड़ और जलभराव की स्थिति बन गई है।

रविवार को समस्या से त्रस्त दोनों ग्राम पंचायतों के लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क का निर्माण कार्य लाम्बा जाटान से एक किलोमीटर पहले और सोडास से एक किलोमीटर पहले तक अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है।नाले के गंदे पानी की निकासी का समुचित प्रबंध नहीं होने से मुख्य मार्ग पर पानी भर जाता है। इससे राहगीरों, वाहन चालकों और स्कूली बच्चों को विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।प्रदर्शन के बाद प्रशासन ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि शेष कार्य शीघ्र पूरा कर जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा।

### संस्कार केन्द्र प्रमुख व पालक आचार्य बैठक का आयोजन



**चमकता राजस्थान/मनोज खत्री/जिला ब्यूरो चीफ डीग।** विद्या भारती राजस्थान के निर्देशन में आज दिनांक 22 फरवरी 2026 को माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर कामां में आदर्श विद्या मन्दिर समिति भरतपुर द्वारा सेवा बस्ती में संचालित संस्कार केन्द्रों के संचालक एवं पालक आचार्यों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संस्कार केन्द्रों के संचालन, कार्यप्रणाली एवं प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। विद्या भारती संस्थान जयपुर के संस्कार केन्द्र प्रमुख ने उपस्थित आचार्यों का मार्गदर्शन करते हुए सेवा बस्तियों में शिक्षा के साथ संस्कार आधारित गतिविधियों को सुदृढ़ करने पर बल दिया। इस अवसर पर केन्द्र से संबंधित आवश्यक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। बैठक में श्री चैतन्य प्रकाश अग्रवाल, आदर्श विद्या मन्दिर समिति भरतपुर तथा जिला संस्कार केन्द्र प्रमुख के रूप में विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डीग व कामां संकुल के 13 आचार्य एवं दीदीयों ने सहभागिता कर अपने अनुभव साझा किए। बैठक का उद्देश्य सेवा बस्तियों में संचालित संस्कार केन्द्रों को अधिक प्रभावी, संगठित एवं संस्कारमय बनाना रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### गंगधार : में राष्ट्रीय संत गाडगे जी महाराज की 150वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई



**चमकता राजस्थान/गंगधार ।** कस्बे में बसीटा रजक धोबी समाज द्वारा राष्ट्रीय संत गाडगे जी महाराज की 150वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो धानमंडी से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई आयोजन स्थल तक पहुंची। विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों ने शोभायात्रा का पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। आयोजन स्थल पर समाज के भामाशाहों एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण (पटेल), उपाध्यक्ष मुकेश गुजरिया, पूर्व अध्यक्ष दिलीप मोरी सहित कई समाज जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी ने भोजन प्रसाद सामूहिक रूप से किया। राष्ट्रीय संत गाडगे जी महाराज की 150वीं जयंती के अवसर पर गंगधार में समाज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ा उत्साह देखा गया।

### नगर परिषद की सड़क पर अवैध निर्माण का मामला, तत्काल कार्रवाई की मांग जालोर

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** आसन की पोल के वास हो रहा अवैध निर्माण कार्य रुकवाने को लेकर गोस्वामी समाज सेवा समिति, जालोर की ओर से आयुक्त, नगर परिषद जालोर को ज्ञापन सौंपकर सार्वजनिक सड़क पर किए जा रहे अवैध निर्माण को तत्काल रुकवाने एवं ध्वस्त करवाने की मांग की गई है।

ज्ञापन में बताया गया कि संस्था की भूमि/परिसर के समीप स्थित नगर परिषद की सार्वजनिक सड़क पर कुछ व्यक्तियों द्वारा बिना वैध स्वीकृति एवं नक्शा पास कराए नियमों के विरुद्ध निर्माण कार्य किया जा रहा है। इससे सार्वजनिक मार्ग अवरुद्ध हो रहा है और आमजन को आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

समिति का कहना है कि यह निर्माण नगर परिषद के नियमों का खुला उल्लंघन है तथा सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण कर जनहित और कानून व्यवस्था के विपरीत है। यदि समय रहते इसे नहीं रोका गया तो भविष्य में यह स्थायी अतिक्रमण का रूप ले सकता है, जिससे संस्था एवं क्षेत्रवासियों को गंभीर परेशानी उठानी पड़ सकती है।

समिति ने मांग की है कि संबंधित स्थान पर हो रहे अवैध निर्माण को तत्काल प्रभाव से रुकवाया जाए, जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए नगर परिषद की भूमि/सड़क पर किए गए अतिक्रमण को ध्वस्त किया जाए। समिति ने विश्वास जताया कि नगर परिषद प्रशासन जनहित को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र आवश्यक कदम उठाएगा

पुष्कर की पावन धरा पर हनुमंत कथा में लिया आशीर्वाद

# उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पूज्य श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का किया अभिनंदन

चमकता राजस्थान

अजमेर। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सोमवार को तीर्थराज पुष्कर की पावन धरा पर आयोजित तीन दिवसीय हनुमंत कथा में सहभागिता करते हुए बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर एवं प्रखर सनातन प्रवक्ता पूज्य श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

उप मुख्यमंत्री ने पारंपरिक विधि-विधान से पूज्य शास्त्री जी का सत्कार करते हुए कहा कि सनातन धर्म के प्रवर्तक संतों के मार्गदर्शन में ही समाज में नैतिक मूल्यों, आध्यात्मिक चेतना और राष्ट्रभावना का सशक्त संवर्धन संभव है।



उन्होंने कहा कि तीर्थराज पुष्कर की पावन धरा पर आयोजित यह हनुमंत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और आस्था के पुनर्जागरण का महोत्सव है। ये समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। जगत पिता ब्रह्मा जी की उपस्थिति से पुष्कर को तीर्थराज कहा जाता है। यहां के सरोवर की पवित्रता विश्व विख्यात है। हनुमंत कथा से पुष्कर की पवित्रता का संदेश विश्व भर में जाएगा।



उन्होंने कहा कि पूज्य शास्त्री जी की ओजस्वी वाणी एवं प्रेरणादायी कथाओं से युवाओं में भारतीय संस्कृति के प्रति गर्व की भावना जागृत होती है तथा वे अपनी जड़ों से जुड़ने के लिए प्रेरित होते हैं। संतों के सान्निध्य में आयोजित ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों से सामाजिक समरसता, सद्भाव और सांस्कृतिक एकता को बल मिलता है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हनुमान जी की भक्ति, सेवा और समर्पण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने वाली यह कथा समाज में आत्मविश्वास, साहस और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगी। उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा का श्रवण करने तथा धर्मलाभ अर्जित करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री धामी के सरकारी आवास पर आईटीबीपी के महानिदेशक ने की शिष्टाचार भेंट

चमकता राजस्थान

**देहरादून। (दीपक शर्मा बामनवास)** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शासकीय आवास में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्य की सीमाओं की सुरक्षा, सीमांत क्षेत्रों में विकास कार्यों तथा आपदा प्रबंधन में समन्वय को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा में कळइढ के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड जैसे सीमावर्ती राज्य में कळइढ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सीमांत क्षेत्रों में तैनात जवान न केवल देश की सुरक्षा में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं, बल्कि स्थानीय नागरिकों के साथ समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों में भी सहभागी बन रहे हैं।



उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सीमांत जिलों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सड़क, स्वास्थ्य, संचार और आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के माध्यम से सीमांत क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास निरंतर जारी हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार और कळइढ के बीच बेहतर समन्वय से सुरक्षा व्यवस्था और अधिक प्रभावी होगी।

ऊ ने मुख्यमंत्री को सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं, आधुनिक संसाधनों तथा बल की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा कळइढ को दिए जा रहे सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी समन्वय बनाए रखने का आश्वासन दिया।

बैठक में आपदा प्रबंधन, विशेषकर पर्वतीय क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों में कळइढ की सक्रिय भूमिका पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के समय कळइढ ने सदैव तत्परता और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर प्रदेशवासियों का विश्वास जीता है। उन्होंने कहा कि ''सुरक्षित सीमा, सशक्त उत्तराखण्ड'' के संकल्प के साथ राज्य सरकार सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर कार्य कर रही है, ताकि सीमांत क्षेत्रों में शांति, सुरक्षा और विकास की त्रिस्तरीय व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

मुख्यमंत्री ने भविष्य में राज्य सरकार और कळइढ के मध्य नियमित संवाद एवं प्रभावी समन्वय की अपेक्षा की।

### आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु पंचायत स्तरीय बैठक आयोजित




**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत आज ग्राम पंचायत शिवपुरा घाटा में पंचायत स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक ग्राम पंचायत प्रशासक श्री महेंद्र काठात की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा योजना के 18 सूचकांकों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु समुचित कार्ययोजना तैयार कर प्रभावी रूप से कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में डॉ. अलका कुशवाह (चिकित्साधिकारी), रश्मि बंसल (नर्स), पूनम कुमारी (एएनएम, शिवपुरा घाटा), चेतना (एएनएम, बनौला), महेश बाबू सुमन (प्रधानाचार्य), चन्द्र प्रकाश (आशा सुपरवाइजर) तथा सुनीता, जमीला, फरीदा बानो सहित अन्य संबंधित कार्मिक उपस्थित रहे।

### अबकी बार लूणी तहसील में मावट की कुदरती बम्पर फ़सल होने पर खिले चेहरे



**चमकता राजस्थान/राजूराम मेघवाल/ चीफ ब्यूरो जोधपुर।** अबकी बार लूणी तहसील के ग्राम पंचायत बाणियावास, मोड़ी जोशियान,नया सजाडा,व भटिंडा में सरसों, रायड़ा,घुज्जी, गेहूं, और चने की कुदरती बरसात होने पर मावट की तौर पर बम्पर फ़सल होने पर किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। किसान हिम्मताराम भील सजाडा ने बताया कि कुदरती बरसात होने से अच्छी फसल हुई है और सरकार से मांग करते हैं कि उचित दाम की एम आर पी देने का फैसला का निवेदन करते हैं। ज़ीरो ग्राउंड से चीफ ब्यूरो जोधपुर ने किसान पेन्टर हिम्मताराम,कालुदेवी भील,रेखा भील, मंजू भील, कोजाराम इणकिया सजाडा,राजू भाई सागासनी, के साथ बातचीत करते हुए जानकारी ली।

### ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट बस ऑपरेटर ऐसौशियेशन, फरवरी 23 तारीख को समस्त राजस्थान में चक्का जाम के ऐलान ।

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** काफी बार जिलेवार बस ऑपरेटरों के ज्ञापन देने के बाद और कई बार वार्ता के बाद फिर फरवरी 23 तारीख को समस्त राजस्थान में चक्का जाम के ऐलान के करण सरकार और प्रशासन की नींद जरूर उड़ी है। क्योंकि पूरे राजस्थान में 23 तारीख को मध्य रात्रि से चक्का जाम सरकार को भारी पड़ता दिख रहा है। इधर अजमेर की स्त्रे रैली में भी बसौ से भीड़ लाने हेतु प्रशासन के पसीने छूट रहे हैं। सरकार वार्ता के लिए सकारात्मक बात हेतु तैयार हुई है। काफी बिंदुओं पर विस्तार से सरकार के साथ बात हुई है लेकिन कुछ बिंदुओं पर जैसे राजस्थान टैक्स, फिटनेस ,परमिट वैलिडिटी, ग्रामीण बसौ के लैगेज करियर आदि पर सहमति बनी नहीं है! दूसरे दौर की वार्ता कल दोपहर 1:00 बजे परिवहन भवन में होगी और शुभ समाचार मिलेंगे। सभी प्राइवेट परिवहन संसाधनों के मालिक धैर्य के साथ परिचय दें। सरकार के पास मैसेज पहुंचे की संपूर्ण तरीके से चक्का जाम चल रहा है चक्का जाम को सफल बनाएं और धैर्य रखें गारंटी के साथ सरकार झुकेगी मांगे माननी पड़ेगी हो सकता है कल मांगों पर सहमति बन सकती है लेकिन चक्का जाम जारी रहेगा बस आपरेटर ।

### दिवा में सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या का भव्य आयोजन, आए हुए अतिथियों का हुआ सम्मान



**चमकता राजस्थान/अरविंद कोठारी/दिवा।** दिवा पूर्व स्थित मुंब्रादेवी कॉलोनी के लक्ष्मण चौथे सोसाइटी परिसर में सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधानपूर्वक श्री सत्यनारायण भगवान की पूजा से हुई। इसके पश्चात संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। शाम के समय विभिन्न भजन मंडलियों द्वारा भजन संध्या प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के समापन पर महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसका लाभ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उठाया।

इस अवसर पर पधारे अतिथियों का शाल एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय हिंदू स्वयंसेवक संघ, महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष एवं अधिवक्ता बिपिन दुबे उपस्थित रहे। साथ ही रामकुमार मधुकर, सौरभ मिश्रा, संजीव त्रिपाठी, प्रिंस सिंह, अरविंद दुबे, अभिषेक वाल्मीकि एवं कुलदीप वाल्मीकि की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों का आयोजकों द्वारा विधिवत सत्कार किया गया।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रमोद पांडेय ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक जागरूकता एवं आपसी सद्भाव को प्रोत्साहित करना है।

इस आयोजन को सफल बनाने में सूर्यकांत जंगम, प्रदीप चौरसिया, रमेश शेट्टी, अशोक माने, अविनाश विधाते, मारुति निकम, रितिक सिंह सहित सभी सहयोगियों का सराहनीय योगदान रहा। आयोजक टीम ने सभी सहयोगियों व आए हुए अतिथियों का आभार जताया।

### ब्यावर पुलिस की अवैध मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्यवाही

- अवैध शराब के कुल 117 कार्टुनो मे 4368 देशी व अग्रेजी के पव्वे तथा 240 बोतल बीयर जब्त

**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** जिला पुलिस अधीक्षक ब्यावर रतन सिंह के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा, एवं वृत्ताधिकारी वृत्त रायपुर बंशीलाल पाण्डर के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी पुलिस थाना रायपुर मय टीम द्वारा अवैध शराब तस्करों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए अवैध शराब के कुल 117 कार्टुनो मे 4368 देशी व अग्रेजी के पव्वे तथा 240 बोतल बीयर जब्त किया ।घटना का विवरण जिला पुलिस अधीक्षक ब्यावर रतन सिंह ने बताया कि 22.फरवरी .2026 को थानाधिकारी रायपुर को जरिये विशेष सुत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि एक बोलेरो पिकअप भीम की तरफ से आ रही है। जिसमे भारी मात्रा में अवैध शराब भरी हुई है सूचना विश्वसनीय होने पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये कालब कला पहुँचा भीम की ओर आम रास्ते पर नाकाबंदी शुरू की गयी। दौराने नाकाबंदी एक सफेद रंग की बोलेरो पिकअप भीम की ओर से आती हुई दिखाई दी। जिसको पुलिस टीम ने रूकवाने का प्रयास किया तो वाहन चालक ने पुलिस नाकाबंदी को तोडकर तेजगति से वाहन को भगा लिया जिसका पुलिस टीम ने पीछा किया तो वाहन चालक ने गाडी को झाडियों में छोडकर अधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। गाडी सदिग्ध होने पर तलाशी ली तो खाकी रंग के कार्टुनों में देशी शराब के 91 कार्टुनो में 4 हजार 368 देशी शराब के पव्वे, 06 कार्टुनों 288 पव्वे अंग्रेजी शराब, 20 कार्टुनों 240 बीयर की बोतल भरी पाई गई जिसको जब्त कर परिवहन मे प्रयुक्त वाहन बोलेरो पिकअप आरजे 22 जीबी 1733 को भी जब्त किया गया शराब तस्करो की तलाश जारी है पुलिस टीम-मे राजू राम निपु. थानाधिकारी पुलिस थाना रायपुर जिला ब्यावर कैलाशचन्द सउनि, सौराज राजेन्द्र सुरेश सर्वेश्वर पुलिस थाना रायपुर जिला ब्यावर का सहयोग रहा

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के बहुत करीबी थे सिसोदिया

## भाजपा युवा मोर्चा के दिग्गज नेता गोविन्द सिंह सिसोदिया का हृदयगति रुकने से निधन

चमकता राजस्थान

**डग-22फरवरी(कुन्दन व्यास)** । झालावाड़ जिले के राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में आज शोक की लहर दौड़ गई। भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री और पूर्व प्रधान स्वर्गीय नारायण सिंह सिसोदिया के पुत्र गोविंद सिंह सिसोदिया (निवासी: सिलेहगढ़,आमलिया का खेड़ा) का हृदय गति रुकने (हार्ट अटैक) से असामयिक निधन हो गया है।

सादगी और निष्ठा के पर्याय थे गोविंद सिंह अत्यंत कम आयु में उनके इस आकस्मिक निधन से समाज और क्षेत्र की अपूरणीय क्षति हुई है। गोविंद सिंह अपने सरल स्वभाव,मिलनसार व्यक्तित्व और जनसेवा के प्रति अटूट समर्पण के लिए जाने



जाते थे।सांगठनिक कौशल ने उन्हें युवाओं के बीच अत्यंत लोकप्रिय बनाया था।

खबर मिलते ही के राजनीतिक गलियारों औरराजस्थान एवं मध्यप्रदेश के क्षेत्रवासियों में शोक छा गया है।

क्षेत्रीय विधायक कालूराम मेघवाल को सिसोदिया की अस्वस्थ होने की खबर मिलने पर पूरे समय उनके परिवार एवं डॉक्टर के सम्पर्क में बने रहे डॉक्टरों ने भरपूर प्रयास किया मेघवाल ने भावुक होते हुए इसे पार्टी,समाज,क्षेत्र ओर मेरे लिए सिसोदिया का जाना निजी क्षति हैं। साथ ही विभिन्न जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इसे क्षेत्र के लिए एक बड़ी क्षति बताया। उनकी अंतिम यात्रा आज रविवार प्रातः 9:00 बजे पैतृक निवास स्थान से निकाली गई। पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे एवं सांसद दुष्यंत सिंह के बहुत करीबी बताए जाते थे क्षेत्र में जब भी दौरा होता तब हमेशा साथ दिखाई देते थे।

जिसमें हजारों की तादात में क्षेत्र वासियों एवं राजस्थान मध्यप्रदेश की राजनीतिक हस्तियां उनके अंतिम संस्कार में मौजूद रही जिसमें गरोठ म.प्रदेश विधायक चन्दर सिंह सिसोदिया,कांग्रेस नेता कालूलाल सालेचा,सहित कई नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सुदर्शन चक्र में इजरायली धार, अभेद्य किला बन जाएगा भारत, डिफेंस डील के बारे में जान दुश्मनों का फटेगा सीना

**नयी दिल्ली/एजेंसी**

भारत अपनी सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए इजरायल के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है. ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत एडवांस ड्रोन, लंबी दूरी की मिसाइलों और लेजर बेस्ड डिफेंस सिस्टम को अपनी सुरक्षा संरचना में शामिल कर अभेद्य मल्टी-लेयर्ड सुरक्षा कवच तैयार करना चाहता है. भारत और इजरायल के बीच उन्नत रक्षा तकनीकों को लेकर सहयोग बढ़ रहा है. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (ऊफ्ळ्ड) ने 30 किलोवाट क्षमता वाली हाई-एनर्जी लेजर बेस्ड डायरेक्टेड एनर्जी वेपन (ऊएह) ट'-क्न्न(अ) सिस्टम विकसित की है. वहीं, इजरायल ने 100 किलोवाट क्षमता वाली 'आयरन बीम' लेजर सिस्टम को तैनात करना शुरू कर दिया है, जो उसकी मौजूदा मिसाइल डिफेंस सिस्टम को और मजबूत बनाती है. यह प्रणाली ड्रोन, रॉकेट और मोर्टार को कुछ डॉलर प्रति शॉट की बेहद कम लागत में नष्ट करने में सक्षम है. माना जा रहा है कि भारत भी ऐसी तकनीक को अपनी सुरक्षा प्रणाली में शामिल करने पर विचार कर रहा है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बुधवार से शुरू होने वाले दो दिवसीय इजरायल दौरे के दौरान सुरक्षा सहयोग पर एक महत्वपूर्ण टड्ढव पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है. यह उनका 2017 के बाद दूसरा इजरायल दौरा होगा. इस समझौते में रक्षा खरीद के साथ-साथ उन्नत हथियार तकनीक के ट्रांसफर पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा. इससे भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमता को बढ़ावा मिलने की संभावना है. भारत 2035 तक शहरों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को मिसाइल तथा ड्रोन हमलों से बचाने के लिए 'सुदर्शन चक्र' नामक स्वदेशी मल्टी-लेयर एयर डिफेंस सिस्टम विकसित कर रहा है. इसके तहत इजरायल की उन्नत रक्षा तकनीकों को शामिल करने की योजना है.

## भारत कैसे बनेगा अभेद्य किला?

इस पहल में बराक-8 टफ्-रअट और छफ्-रअट सिस्टम्स को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एडवांस सेंसर और साइबर सिक्योरिटी मेकेनिज्म के साथ जोड़ा जाएगा. इससे देश की वायु रक्षा क्षमता में व्यापक सुधार होने की उम्मीद है. गौरतलब है कि पिछले वर्ष ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने इजराइली हथियार प्रणालियों का इस्तेमाल किया था. इनमें रैंपेज मिसाइल, हार्पी और हारोप जैसे कामिकाज ड्रोन शामिल थे, जिनका उपयोग पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों और मिलिट्री एसेट्स के खिलाफ किया गया था. रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि भारत और इजरायल के बीच बढ़ता सहयोग भविष्य में भारत की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करेगा और किसी भी संभावित मिसाइल, ड्रोन या हवाई हमले से प्रभावी ढंग से निपटने में मदद करेगा.

फोर्ब्स इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, इज़रायल ने 2026 में भारत के साथ 8.6 अरब डॉलर के रक्षा सौदों पर सहमति जताई है, जिससे वह फ्रांस के बाद भारत का दूसरा सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता बन गया है. रिपोर्ट के मुताबिक, 8.6 अरब डॉलर के इन सौदों में राफेल द्वारा निर्मित रढक्छ्ए 1000 प्रिसिजन गाइडेंस बम, रैंपेज एयर-टू-सर्फेस मिसाइल (250 किमी रेंज), एयर लोरा एयर-लॉन्च्ड बैलिस्टिक मिसाइल और आइसब्रेकर मिसाइल सिस्टम (300 किमी रेंज) शामिल हैं.

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र जल्द ही इजरायली संसद नेसेट को संबोधित करेंगे. नेतन्याहू ने कहा कि इस यात्रा से भारत और इजराइल के बीच संबंध और मजबूत होंगे तथा दोनों देशों की सरकारें आर्थिक, कूटनीतिक और सुरक्षा सहयोग को बढ़ाने के लिए कई अहम फैसले लेंगी. उन्होंने संकेत दिया कि मध्य पूर्व क्षेत्र में एक व्यापक सुरक्षा गठबंधन बनाने की दिशा में भी काम किया जा रहा है. नेतन्याहू के अनुसार, यह गठबंधन 'हेक्सागन' यानी छह पक्षीय संरचना पर आधारित होगा, जिसमें भारत, अरब देश, अफ्रीकी देश, एशियाई राष्ट्र और भूमध्यसागरीय क्षेत्र के देश जैसे ग्रीस और साइप्रस शामिल होंगे. इजराइली प्रधानमंत्री ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य क्षेत्रीय स्थिरता को मजबूत करना और विभिन्न देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देना है. उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत के साथ सहयोग वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है.



## मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने लिया स्टेडियम का जायजा

- **संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश**



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** प्रदेश के मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने सोमवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम का जायजा लिया। उन्होंने स्टेडियम के सभी स्टैंड्स का अवलोकन किया और अतिरिक्त मुख्य सचिव पीडब्ल्यूडी प्रवीण गुप्ता और शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग तथा अध्यक्ष, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद डॉ. नीरज कुमार पवन से स्टेडियम में आवश्यक नवीनीकरण कार्य की जानकारी ली। इस दौरान राजस्थान रॉयल्स के उपाध्यक्ष राजीव खन्ना भी मौजूद थे।

डॉ. नीरज कुमार पवन ने बताया कि आईपीएल मैचों के आयोजन से पहले सिविल, वाटर और इलेक्ट्रिक वर्क, नई लिफ्ट लगाने, वीआईपी साउथ स्टेंड्स के साथ नॉर्थ और अन्य स्टेंड्स के वॉशरूम का अपग्रेडेशन, कंटीले तारों को हटाकर नई जालियां लगाने तथा दर्शकों को सुविधा और सुरक्षा की दृष्टि से सभी आवश्यक कार्य पूरे किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि स्टेडियम को आईपीएल मानकों के अनुरूप बनाने के लिए कई बड़े बदलाव किए जाएंगे। सुरक्षा की दृष्टि से सबसे ज्यादा ध्यान स्टेडियम की मजबूती और फायर सेफ्टी पर दिया जा रहा है। सवाई मान सिंह स्टेडियम को आईपीएल मानकों के अनुरूप तैयार कराने का काम सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को सौंपा गया है। डॉ. नीरज कुमार पवन ने बताया कि जयपुर में आईपीएल मैचों के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। स्टेडियम में काफी सुधारात्मक कदम आठाए जाएंगे। पीडब्ल्यूडी की टीम स्टेडियम में सभी तरह के अपग्रेडेशन के कार्यों को समय पर पूरा कर स्टेडियम को मैचों के आयोजन के लिए तैयार कर देगी। दर्शकों की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि दर्शक आरामदायक और सुविधाजनक माहौल में मैचों का आनन्द लें।

## राजस्थान बदल रहा है, जनकल्याणकारी कार्यों में निजी संस्थायें भी राज्य सरकार के कार्यों में सहभागी बने : देवनानी

**क्रेडाई एक्सपो को देखा देवनानी ने अल्प आय वर्ग के लिये आवास निर्माण को दे प्राथमिकता**

**चमकता राजस्थान**



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को यहां बिडला ऑडिटोरियम में आयोजित क्रेडाई एक्सपो का अवलोकन किया। श्री देवनानी ने एक्सपो के समापन समारोह को संबोधित करते हुये कहा कि राजस्थान बदल रहा है। राज्य सरकार जन हित के लिये निंरतर विकास कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अवास निर्माण कर रही निजी संस्थायें राज्य सरकार के जन कल्याणकारी कार्यों में सहभागी बनें। श्री देवनानी ने अल्प आय वर्ग के लिये आवास निर्माण को प्राथमिकता देने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

श्री देवनानी ने कहा राजस्थान में आवास निर्माण की प्रक्रिया को गुणवतापूर्ण विश्व स्तरीय बनायें। इससे राज्य की देश में विशिष्ट पहचान बनेगी साथ ही संस्थायें राज्य की अर्थव्यवस्था में भी सक्रिय भागीदारी निभा सकेगी।

समारोह को उद्द्योग मंत्री के. के. विश्नोई, विधायक बालमुकुन्दाचार्य, पूर्व मंत्री प्रताप सिंह सिंघवी, पूर्व विधायक सतीश पूनिया ने भी संबोधित किया। स्वागत और आभार अनुराग शर्मा व आशीष अग्रवाल ने ज्ञापित किया।


**बाड़मेर : गोरधन सिंह बागडवा की रिपोर्ट चौहटन :**

## बीजराड़ थाना क्षेत्र में एक बोर्ड परीक्षा केन्द्र से एक छात्र का अपहरण कर ले जाने तथा मारपीट कर छात्र को किया लहूलुहान

**चमकता राजस्थान/बीजराड़।** थाना के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जैसार के बोर्ड परीक्षा केन्द्र के परिसर से एक छात्र का हुआ अपहरण विद्यालय के नियमित प्रकाश का विद्यालय परीक्षा हॉल के बरामदे से अपहरण कर उठाकर ले गए बदमाश। परीक्षा केन्द्र के परिसर में घुसकर छात्र का अपहरण एवं लहूलुहान करने से पूरे इलाके में फैली सनसनी अब सरकारी विद्यालयों में छात्रों की सुरक्षा नहीं होने से पुलिस और सुरक्षा तंत्र पर उठने लगे बड़े सवाल। सवेरे आठ बजे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने के पांच मिनिट बाद बेखौफ होकर परिसर में घुसे आधा दर्जन बदमाशों ने वारदात को दिया अंजाम अपहरण के बाद किसी सुनसान जगह पर बेहरमी से मारपीट कर सड़क किनारे फेंक कर भाग गए बदमाश। अब विद्यालय परिसर से विद्यार्थी का अपहरण कर ले जा रहे लोगों का वीडियो भी हो रहा वायरल। सवाल यह है कि बोर्ड परीक्षा केंद्र पर परीक्षा समय से आधा घंटा पहले बंद क्यों नहीं किया विद्यालय का मुख्य द्वार, विद्यालय में परीक्षा केंद्राधीक्षक सहित दर्जनों अध्यापकों और वीक्षकों की आंखों के सामने हो रही वारदात के बावजूद नहीं किए विद्यार्थी को छुड़ाने के प्रयास घटना की सूचना मिलने पर बीजराड़ पुलिस पहुंची मौके पर गंभीर घायल छात्र को लोगों और परिजनों ने पहुंचाया चौहटन अस्पताल जहां से किया बाड़मेर रेफर

## नवीन आपराधिक कानूनों पर थाना बाड़ी में जागरूकता प्रदर्शनी आयोजित

**चमकता राजस्थान/ धौलपुर रामदास तरुण/बाड़ी उपखंड की खबर। बाड़ी।** जिला पुलिस अधीक्षक धौलपुर के निर्देशानुसार थाना बाड़ी परिसर में न्यू क्रिमिनल लॉ (NCL) / नवीन आपराधिक कानूनों के संबंध में एक संक्षिप्त जागरूकता प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्देश्य आमजन को हाल ही में लागू किए गए नए आपराधिक कानूनों की जानकारी प्रदान करना तथा कानूनों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में पुलिस कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत सीएलजी सदस्य, पुलिस मित्र सदस्य, सुरक्षा सखी सदस्य, ग्राम रक्षक सदस्य सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे। उपस्थितजनों ने प्रदर्शनी के माध्यम से नवीन आपराधिक कानूनों के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी प्राप्त की और अपने प्रश्नों का समाधान भी कराया। मौके पर सीओ साहब एवं थानाधिकारी बाड़ी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को नए कानूनों के प्रमुख बिंदुओं की जानकारी देते हुए बताया कि इन कानूनों का उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं समयबद्ध बनाना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि कानूनों की सही जानकारी रखकर समाज में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नागरिकों ने ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार की पहल जारी रखने की अपेक्षा व्यक्त की।



## मुख्यालय से जुड़ा प्रमुख मार्ग जर्जर, सड़क निर्माण की मांग पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

- **तीन किलोमीटर मार्ग पर डामर गायब, हादसों का बढ़ा खतरा, विरोध प्रदर्शन कर दी आंदोलन की चेतावनी**



**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/कुण्डल।** तहसील मुख्यालय कुण्डल को ढाणी सौरतलाई से जोड़ने वाला मुख्य मार्ग बदहाल स्थिति में होने से ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। वर्षों से क्षतिग्रस्त पड़े इस मार्ग की मरम्मत नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ रोष जताया और शीघ्र सड़क निर्माण की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि करीब तीन किलोमीटर लंबे इस मार्ग की हालत अत्यंत खराब हो चुकी है। सड़क के अधिकांश हिस्से से डामर पूरी तरह उखड़ चुका है और जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए हैं। ऐसे में वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के बाद स्थिति और भी बदतर हो जाती है। यह मार्ग केवल कुण्डल और ढाणी सौरतलाई तक सीमित नहीं है, बल्कि दुडकी, भांवता, भांवती, चौबडीवाला, कौलेश्वर, रेहड़ियां, चादेरा, उरवाड़ी, बांदीकुई और गुढाकटला सहित कई गांवों और ढाणियों को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है। इसके बावजूद लंबे समय से इसकी अनदेखी होने पर ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर गड्ढों और उबड़-खाबड़ सतह के कारण आए दिन मोटरसाइकिल सवार फिसलकर गिर रहे हैं और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। खराब सड़क के कारण स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों और किसानों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सड़क का पुनर्निर्माण नहीं कराया गया तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने प्रशासन से जनहित को देखते हुए तत्काल सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है। मौके पर भीखनारायण शर्मा, नमो नारायण मीणा, मुकेश कुमार मीणा, भागीरथ मीणा, रामकरण मीणा, मुथरेस मीणा कुबेर गुर्जर, करतार गुर्जर, रामप्यारी देवी, सुगना देवी, एवं अन्य लोग मौके पर मौजूद रहे।

# ईरान पर अमेरिका कब करेगा हमला?


## पूर्व सीआईए अधिकारी ने बताया; जानें दिन और तारीख



**नयी दिल्ली।** अमेरिका-ईरान तनाव अब चरम पर पहुंच चुका है। इस बीच पूर्व सीआईए अधिकारी जॉन किरियाकू ने एक पा-ॅडकास्ट में सनसनीखेज दावा किया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर सैन्य हमला करने का अंतिम फैसला ले लिया है, और यह हमला सोमवार या मंगलवार (23 या 24 फरवरी 2026) को हो सकता है। किरियाकू ने खुलासा किया कि वाइट हाउस में हाल ही में एक पूर्व खुफिया अधिकारी ने जानकारी दी थी कि प्रशासन द्वारा सार्वजनिक रूप से दी गई समय सीमा के बावजूद हमला बहुत जल्द हो सकता है। उन्होंने कहा कि मेरा एक दोस्त, जो पूर्व सीआईए अधिकारी है, आज सुबह वाइट हाउस में अपने दोस्तों से बात कर रहा था, और उसने बताया कि सोमवार या मंगलवार को ईरान पर हमला करने का फैसला हो चुका है। किरियाकू ने आगे कहा कि हालांकि राष्ट्रपति ने कल ईरान को हमारे प्रस्तावों को स्वीकार करने के लिए 10 दिन का समय दिया था, जिसमें बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम बंद करना, यूरेनियम संवर्धन रोकना और हमास, हिजबुल्लाह तथा हौथी जैसे मध्य पूर्व के समूहों को समर्थन बंद करना शामिल है, लेकिन ऐसी समय सीमाएं अक्सर रणनीतिक ध्यान भटकाने के लिए इस्तेमाल की जाती हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति आपको 10 दिन या दो सप्ताह का समय देते हैं, और फिर दो दिन बाद ही अचानक हमला कर देते हैं। इससे लोग असमंजस में रहते हैं।

### ध्यान भटकाने के लिए अल्टीमेटम

हालांकि ट्रंप प्रशासन आधिकारिक तौर पर राजनयिक समाधान की बात कर रहा है, लेकिन कई सूत्रों का मानना है कि ईरान की ओर से मौजूदा प्रस्ताव सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। आंतरिक योजनाएं अधिक विस्तृत और महत्वाकांक्षी हो रही हैं, जिसमें सत्ता परिवर्तन का विचार भी शामिल है। चर्चा में यह भी उठा कि हाल के यूएफओ से जुड़े दस्तावेजों के जारी होने की घोषणा को ध्यान भटकाने का तरीका माना जा सकता है। किरियाकू ने सहमति जताते हुए कहा कि हां, कुछ हद तक ऐसा हो सकता है, और समय पर सवाल उठते हैं।इस दौरान पूर्व सीआईए अधिकारी ने आंतरिक राजनीतिक मतभेदों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि युद्ध-विरोधी पक्ष में जेडी वैंस और तुलसी गैबार्ड हैं, जबकि युद्ध-समर्थक गुट का नेतृत्व मार्को रुबियो कर रहे हैं, जिसमें पीट हेगसेथ और ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ भी शामिल हैं। किरियाकू ने ज्वाइंट चीफ्स के इस रुख पर आश्चर्य जताया और कहा कि ट्रंप ने हाल के महीनों में सभी ज्वाइंट चीफ्स को बदल दिया है, ऐसे लोगों को पदोन्नत किया जो राजनीतिक रूप से वफादार हों।



### शुक्रवार को ट्रंप ने दी थी चेतावनी

बता दें कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को चेतावनी दी कि ईरान के खिलाफ सीमित हमले किए जा सकते हैं। एक सवाल के जवाब में कि क्या देशों के बीच बातचीत के दौरान अमेरिका सीमित सैन्य कार्रवाई कर सकता है, ट्रंप ने कहा कि मुझे लगता है कि मैं इस पर विचार कर रहा हूं।

## न्यूज़ अपडेट

### दूसरों की सेवा के लिए हैं भारतीय'; सैम पित्रोदा के बयान पर बवाल, बीजेपी भड़की

**नयी दिल्ली।** भारतीय प्रवासी कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा ने एक बार फिर से एक बयान के जरिए पार्टी के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने दावा किया कि भारत ने दूसरों की सेवा के लिए युवाओं की बड़ी फौज को खड़ा किया है। लेकिन यह भारत के लिए नहीं बल्कि विदेशियों के लिए काम करती है। पित्रोदा ने वर्तमान टेक्नोलॉजी निर्माण की स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक 1.5 अरब आबादी वाले देश के लिए यह शर्म की बात है कि उनके पास अपना ऑपरेटिंग सिस्टम तक नहीं है। पित्रोदा की इस टिप्पणी के बाद भाजपा ने उन पर हमला बोलते हुए भारत की निंदा करने का आरोप लगाया। एक यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में कांग्रेस नेता ने विदेशी कंपनियों में भारतीयों की संख्या जिक्र करते हुए अपनी बात को रखा। उन्होंने कहा कि भारत ने अपनी शिक्षा संस्थाओं के जरिए युवा प्रतिभा का एक बड़ा आधार तैयार किया है, लेकिन भारत में ही नई खोजों के लिए इसका लाभ उठाने में नई दिल्ली पूरी तरह से असमर्थ रही है। उन्होंने कहा, हमने बहुत सारी युवा प्रतिभा का निर्माण किया है, लेकिन यह अपरिपक्व है। इस प्रतिभा ने भारत का नहीं बल्कि दुनिया की तमाम बहुराष्ट्रीय कंपनियों को प्रोग्रामिंग, कानून, उद्योग, लॉजिस्टिक्स, इनोवेशन, बैंकिंग में मदद की है। इस प्रतिभा के दम पर भारत ने वैश्विक स्तर के प्रोडक्ट्स नहीं बनाए, बल्कि इस प्रतिभा का इस्तेमाल दूसरे की सेवा के लिए किया। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए सैम पित्रोदा ने कहा, न हो भारत ने अपना खुद का सोशल मीडिया प्लेटफार्म तैयार किया और न ही माइक्रोसॉफ्ट जैसी कोई बड़ी कंपनी तैयार कर पाए। हमने अपना खुद का ऑपरेटिंग सिस्टम तक नहीं बनाया। यह शर्म की बात है कि 1.5 अरब आबादी वाले देश के पास खुद का ऑपरेटिंग सिस्टम भी नहीं है। हम मोबाइल फोन के लिए भी ऑपरेटिंग सिस्टम नहीं बना पाए। हमने सचमुच अपनी युवा प्रतिभा का उपयोग दूसरों की सेवा के लिए किया है।

अनोखा कन्यादान

### शहीद फौजी की बेटी की शादी में 24 जवानों ने अदा किया पिता का फर्ज

- **24 वर्ष पुराना वचन अब निभाया**

**नागौर।** नागौर जिले के मेड़ता उपखंड के कड़वासरा की ढाणी में शनिवार को एक ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसने पूरे गांव को भावुक कर दिया। शौर्य चक्र विजेता शहीद भागीरथ कड़वासरा की बेटी सुष्मिता की शादी में भारतीय सेना की 13 ग्रेनेडियर्स के 24 साथी जवान 'पिता' बनकर पहुंचे। यह आयोजन केवल एक पारिवारिक समारोह नहीं रहा, बल्कि फौजी भाईचारे, कर्तव्यनिष्ठा और वचनबद्धता का जीवंत उदाहरण बन गया। 13 ग्रेनेडियर्स बटालियन (गंगानगर-जैसलमेर सेक्टर) के 24 जवान विशेष रूप से नागौर पहुंचे। इस अवसर पर कमान अधिकारी कर्नल सोमेन्द्र कुमार, अन्य अधिकारी और सेवानिवृत्त कर्नल सुरेश चंद्र राणा भी मौजूद रहे। जवानों ने दुल्हन सुष्मिता को गोद में बिठाया, कन्यादान की रस्म निभाई, फेरे लगवाए और आशीर्वाद दिया। विदाई के समय जवानों और ग्रामीणों की आंखें नम थीं, वहीं वातावरण गर्व और सम्मान की भावना से भरा हुआ था। ग्रामीणों ने इसे एक अनूठा उदाहरण बताया। एक ग्रामीण ने कहा कि आज के समय में लोग रिश्ते निभाने से कतराते हैं, लेकिन सेना ने दिखाया कि वादा निभाना क्या होता है। भागीरथ कड़वासरा का जन्म 10 जनवरी 1978 को नागौर जिले के इसी गांव में हुआ था। वर्ष 1995 में वे भारतीय सेना की 13 ग्रेनेडियर्स में भर्ती हुए। 8 जून 2002 को असम के मिलनपुर गांव में आतंकवादियों से मुकाबले के दौरान उन्होंने अदम्य साहस का परिचय दिया और वीरगति को प्राप्त हुए। उनकी बहादुरी के लिए 26 मार्च 2003 को उन्हें मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया।



# 30,000 करोड़ का प्रोजेक्ट देखने बिहार पहुंचे गौतम अदाणी

**पूर्णिया।** बिहार के भागलपुर के पीरपैंती में 30,000 करोड़ रुपये की लागत से एक मेगा पावर प्लांट बन रहा है। अदाणी ग्रुप इस प्रोजेक्ट को डेवलप कर रहा है। ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने रविवार को अंडर-कंस्ट्रक्शन अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट का इंस्पेक्शन करने के लिए साइट का दौरा किया। उन्होंने इस दौरान एक पेड़ भी लगाया। भागलपुर पहुंचने से पहले, गौतम अदाणी ने बाबाधाम में पूजा और निशिकांगोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे से मुलाकात की, जिस पर पूर्णिया के एमपी पप्पू यादव ने तीखा हमला बोला।



## पप्पू यादव बोले- नेहरू-गांधी के खिलाफ दुष्प्रचार...

### क्या बोले पप्पू यादव?

पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, देवघर में आज अदाणी मंदिर आए थे, फिर वह उद्योगपतियों के एक एजेंट एमपी के यहां गए। उद्योगपतियों की दलाली और नेहरू गांधी के खिलाफ दुष्प्रचार फैलाना उस सांसद का मुख्य धंधा है, इस भेंट से साफ है गांधी जी, नेहरू जी, राहुल जी, इंदिरा जी आदि के विरुद्ध दुष्प्रचार का निवेशक अदाणी है।₹ हालांकि पप्पू यादव ने सीधे तौर पर किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन माना जा रहा है कि उनका इशारा गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की ओर था।



### 30,000 करोड़ का मेगा प्रोजेक्ट

अदाणी ग्रुप पीरपैंती ब्लॉक के सिरमतपुर और उसके आसपास लगभग 479 हेक्टेयर में 2,400 मेगावाट का थर्मल पावर प्लांट बना रहा है। इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत लगभग 30,000 करोड़ रुपये आंकी गई है।जानकारी के मुताबिक, कंस्ट्रक्शन के दौरान 10,000 से 12,000 लोगों को डायरेक्ट और इनडायरेक्ट रोजगार मिलने की उम्मीद है। प्लांट चालू होने के बाद, लगभग 3,000 परमानेंट नौकरियां पैदा होंगी। माना जा रहा है कि इस प्रोजेक्ट से बिहार की पावर सप्लाई मजबूत होगी और इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट को बढ़ावा मिल सकता है।

# सीरिया के अल-होल कैंप से भागे आईएसआईएस के 20 हजार लड़ाके, अमेरिका तक मच गया हड़कंप

**नयी दिल्ली।** सीरिया के अल-होल कैंप से आईएसआईएस से संबंध रखने वाले करीब 20 हजार लोग फरार हो गए हैं। एक वक्त तक यह कैंप इस्लामिक स्टेट के हजारों परिवार का घर था। लेकिन सीरिया की सरकारी सेना के कंट्रोल संभालते ही यहां की सिक्योरिटी खराब हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक, 2019 में जब इस्लामिक स्टेट का शासन खत्म हुआ था, तब सीरिया के पूर्वी रेगिस्तान में अल-होल फैसिलिटी में 70,000 से ज्यादा लोग थे। लेकिन 2025 में यहां केवल 23 हजार लोग रह गए। अमेरिकी समर्थन वाली सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेस यहां की सुरक्षा करती थी। सरकार के नियंत्रण के बाद एसडीएफ को अल-होल से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा, जिससे कैंप कमजोर हो गया और लोग भागने लगे। सिक्योरिटी एक्सपर्ट्स का कहना है कि इस्लामिक स्टेट के लड़ाकों की पत्नियाँ असल में अल-होल में मिलिटेंट्स की अगली पीढ़ी को तैयार कर रही थीं। ऐसे में कैंप की सिक्योरिटी कॉम्प्रमाइड होना चिंता का विषय है। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि बड़े पैमाने पर लोगों का भागना सीरिया की सरकार के मिसमैनेजमेंट का नतीजा है। उनके मुताबिक, कैंप के बड़े सिक्योरिटी एरिया पर ध्यान नहीं दिया गया। पिछले हफ्ते कैंप की बिगड़ती स्थिति के कारण कैदियों ने हंगामा किया और एक 'ूमैनिटेरियन वर्कर को घायल कर दिया। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि बड़े पैमाने पर लोगों का भागना सीरिया की सरकार के मिसमैनेजमेंट का नतीजा है। उनके मुताबिक, कैंप के बड़े सिक्योरिटी एरिया पर ध्यान नहीं दिया गया। पिछले हफ्ते कैंप की बिगड़ती स्थिति के कारण कैदियों ने हंगामा किया और एक 'ूमैनिटेरियन वर्कर को घायल कर दिया।



# बायतु कृषि महाविद्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर एवं नशा मुक्ति कार्यशाला का आयोजन: लाल बूंद जीवन दाता सेवा समिति की पहल

चमकता राजस्थान

**चिमु धतरवाल/बायतु।** राजस्थान के बायतु क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक उत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, लाल बूंद जीवन दाता सेवा समिति द्वारा कृषि महाविद्यालय, बायतु में स्वास्थ्य जांच शिविर एवं नशा मुक्ति कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के डीन डॉ. आर.एल. भारद्वाज के नेतृत्व में विभिन्न विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिसमें मौखिक स्वास्थ्य, दांतों से संबंधित रोगों, साइबर अपराध, नशीले पदार्थों के नियमों, डिजिटल जागरूकता तथा भारतीय संस्कृति में जीवन शैली और सामाजिक कल्याण पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों और स्थानीय निवासियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, जो स्वास्थ्य और सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाने में सफल साबित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे महाविद्यालय के सभागार में हुई, जहां डीन डॉ. आर.एल. भारद्वाज ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कहा कि आज के युवा समाज की रीढ़ हैं, लेकिन स्वास्थ्य संबंधी लापरवाही और नशे की लत उन्हें कमजोर कर सकती है। ऐसे कार्यक्रम न केवल जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि एक स्वस्थ समाज की नींव रखते हैं। लाल बूंद जीवन दाता सेवा समिति के प्रतिनिधियों ने बताया कि यह आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने और नशा मुक्ति अभियान को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया। समिति पिछले कई वर्षों से रक्तदान, स्वास्थ्य जांच और जागरूकता अभियानों में सक्रिय है, और यह कार्यक्रम उसी कड़ी का हिस्सा है।

स्वास्थ्य जांच शिविर में विशेष रूप से मौखिक स्वास्थ्य और दांतों से संबंधित रोगों पर फोकस किया गया। डॉ. मुकेश मेवाड़ा और डॉ. संतनु चंदेला ने इस सत्र का संचालन किया। डॉ. मेवाड़ा, जो एक प्रसिद्ध दंत चिकित्सक हैं, ने बताया कि ₹मौखिक स्वास्थ्य पूरे शरीर की सेहत का आईना है।



दांतों की साफ-सफाई की कमी से न केवल मसूड़ों की समस्या होती है, बल्कि हृदय रोग और डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारियां भी हो सकती हैं।₹ उन्होंने छात्रों को ब्रशिंग की सही तकनीक, फ्लॉसिंग और नियमित जांच की महत्वता समझाई। डॉ. चंदेला ने दांतों के क्षय, मसूड़ों की सूजन और मुंह के कैंसर जैसे रोगों के कारणों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ₹तंबाकू और गुटखा जैसे नशीले पदार्थों का सेवन दांतों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाता है। नशा मुक्ति से ही हम इन रोगों से बच सकते हैं।₹ शिविर में मौके पर ही छात्रों की दांतों की जांच की गई, और मुफ्त दवाइयां वितरित की गईं। लगभग 200 से अधिक छात्रों ने इस जांच का लाभ उठाया, और कईयों को प्रारंभिक स्तर पर समस्याओं का पता चला, जिससे वे समय पर उपचार करा सकेंगे।

कार्यक्रम का दूसरा महत्वपूर्ण हिस्सा नशा मुक्ति कार्यशाला था, जिसमें साइबर अपराध, नशीले पदार्थों के नियमों और डिजिटल जागरूकता पर विस्तार से चर्चा हुई। बायतु के थानाधिकारी डॉ. महेंद्र विश्नोई ने इस सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा, ₹आज डिजिटल युग में साइबर अपराध एक बड़ी चुनौती है। फिशिंग, हैकिंग और ऑनलाइन धोखाधड़ी से युवा सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। साथ ही, नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर हो रही है, जो कानूनी रूप से दंडनीय है।₹ डॉ. विश्नोई ने एनडीपीएस एक्ट (नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सबस्टेंस एक्ट) के प्रावधानों पर प्रकाश डाला, जिसमें नशीले पदार्थों के उत्पादन, बिक्री और सेवन पर सख्त सजा का उल्लेख है। उन्होंने छात्रों को डिजिटल जागरूकता के टिप्स दिए, जैसे मजबूत पासवर्ड का उपयोग, संदिग्ध लिंक्स से बचना और सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करना। कार्यशाला में एक इंटरैक्टिव सेशन भी हुआ, जहां छात्रों ने साइबर अपराध के अपने अनुभव साझा किए, और थानाधिकारी ने उनके प्रश्नों के उत्तर दिए। इस सत्र से छात्रों में डिजिटल सुरक्षा की समझ बढ़ी, और वे नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित हुए।

कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति के संदर्भ में जीवन शैली और सामाजिक कल्याण पर एक विशेष व्याख्यान भी शामिल था, जिसे महर्षि खोजेंद्र ने दिया। महर्षि खोजेंद्र, जो योग और भारतीय दर्शन के विशेषज्ञ हैं, ने कहा, ₹भारतीय संस्कृति में जीवन शैली संतुलित और प्रकृति से जुड़ी हुई है। योग, ध्यान और सात्विक आहार से हम शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य प्राप्त कर सकते हैं। नशा और आधुनिक जीवन की भागदौड़ हमें सामाजिक कल्याण से दूर कर देती है।₹ उन्होंने रामायण और महाभारत के उदाहरण देकर समझाया कि कैसे प्राचीन भारतीय समाज में नैतिकता और सामुदायिक जीवन पर जोर दिया जाता था। महर्षि ने छात्रों को दैनिक दिनचर्या में योग को शामिल करने की सलाह दी, और सामाजिक कल्याण के लिए सामुदायिक सेवा की महत्वता बताई। इस व्याख्यान ने छात्रों को भारतीय संस्कृति की जड़ों से जोड़ने का काम किया, और उन्हें नशा मुक्ति के लिए आध्यात्मिक प्रेरणा दी।

इस आयोजन में महाविद्यालय के शिक्षक और छात्रों के अलावा स्थानीय ग्रामीण भी शामिल हुए। लाल बूंद जीवन दाता सेवा समिति के अध्यक्ष ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ती है, और नशा मुक्ति अभियान को बल मिलता है। कार्यक्रम के अंत में डीन डॉ. भारद्वाज ने सभी वक्ताओं और आयोजकों को धन्यवाद दिया, और भविष्य में ऐसे और आयोजनों की योजना बनाने की बात कही।

यह कार्यक्रम न केवल स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने में सफल रहा, बल्कि युवाओं को नशे के खतरे, डिजिटल सुरक्षा और सांस्कृतिक मूल्यों से अवगत कराने में भी महत्वपूर्ण साबित हुआ। विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक बदलाव आता है, और ग्रामीण राजस्थान जैसे क्षेत्रों में यह और भी जरूरी है जहां स्वास्थ्य सुविधाएं सीमित हैं। कुल मिलाकर, यह आयोजन एक मिसाल बन गया है कि कैसे सामाजिक संगठन और शैक्षणिक संस्थान मिलकर समाज को मजबूत बना सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पंचायत आम चुनाव 2026 : प्रकोष्ठों की समीक्षा बैठक आयोजित




**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** पंचायत आम चुनाव 2026 की तैयारियों के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) कार्यालय, ब्यावर द्वारा 23 फरवरी को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रकोष्ठों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में पंचायत आम चुनाव की तैयारियों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा सभी प्रकोष्ठ प्रभारी एवं सहायक प्रभारियों को अपने-अपने प्रकोष्ठ से संबंधित कार्यों को समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान अधिकारियों को चुनाव संबंधी सौंपे गए दायित्वों के अनुरूप कार्ययोजना के साथ आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने, चुनाव आयोग के निर्देशों की पालना करने तथा चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए समन्वय बनाए रखने के निर्देश प्रदान किए गए।समीक्षा बैठक में संबंधित प्रकोष्ठों के प्रभारी अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

### जिला जल एंव स्वच्छता मिशन की 19वीं बैठक का आयोजन एवं दिए आवश्यक निर्देश




**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** जिला कलेक्टर, ब्यावर की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट वी. सी. रूम ब्यावर में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की 19वीं बैठक (वित्तीय वर्ष 2025-26 की दशम्‌-बैठक) का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला कलक्टर कमलराम मीणा ने की। बैठक में जिला जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य सचिव एव अधीक्षण अभियन्ता श्री श्रवण सिंह खिड़िया, द्वारा जल जीवन मिशन के रेगुलर एवं वृहद परियोजना के कार्यों की पी०पी०टी० के माध्यम से प्रगति प्रस्तुत की।उन्होने जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत ग्रामों में नल कनेक्शन की प्रगति के साथ-साथ जल कनेक्शन से वचित सरकारी स्कूलों, आगनवाडी केन्द्रो, ग्राम पंचायत भवनों और स्वास्थ्य केन्द्रों में नल कनेक्शन की प्रगति के सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की जिला कलक्टर एंव समिति अध्यक्ष कमलराम मीणा, ने शेष नल कनेक्शनों को अविलम्ब जारी करने के साथ-साथ सरकारी भवनों में प्राथमिकता के साथ नल कनेक्शन जारी करने हेतु निर्देश दिए गए, अध्यक्ष ने परियोजना विग द्वारा कार्य के दौरान तोड़ी गई सड़कों की मरम्मत प्राथमिकता के साथ समयबद्ध सीमा में गुणवत्ता के साथ करने हेतु निर्देश दिए गए।

वृहद परियोजना एवं रेगुलर विंग में शेष अधिकाश नल कनेक्शनों को इस वित्तीय वर्ष में जारी करने हेतु सभी अभियन्ताओं को निर्देश प्रदान किए गए।उक्त बैठक में गोपाल मुख्यकार्यकारी अधिकारी ब्यावर, एम०के० सिंगल, अधीक्षण अभियन्ता ए०वी०वी०एन०एल० ब्यावर, नीरू सांखला ऊऊ (ऊऊ), लोकश कुमावत अतिरिक्त मुख्यचिकित्सा अधिकारी ब्यावर, एवं जलदाय विभाग से सुनील कुमार, अधिशाषी अभियन्ता ब्यावर, नरेन्द्र कुमार वर्मा, अधिशाषी अभियन्ता जैतारण, गोविन्दराम सिरवीं अधिशाषी अभियन्ता जवाजा प्रोजेक्ट जितेन्द्र मीणा अधिशाषी अभियन्ता बदनौर, आकाश जाटव तकनीकी सहायक एव सहायक अभियन्ता वृत ब्यावर, उपस्थित रहें

नागौर में हिस्ट्रीशीटर पर बड़ी कार्रवाई:

# सरकारी जमीन पर बना मकान ध्वस्त, 14 गंभीर मामले दर्ज

चमकता राजस्थान

मेड़ता रोड/एजाज़ अहमद उस्मानी। नागौर जिले में नशा तस्करों और आपराधिक गतिविधियों में लिप्त तत्वों के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान के तहत अब उनकी अवैध संपत्तियों पर भी सख्त कार्रवाई शुरू हो गई है। इसी क्रम में खींवसर क्षेत्र के पांचला सिद्धा गांव में पुलिस-प्रशासन की संयुक्त टीम ने एक सूचीबद्ध हिस्ट्रीशीटर द्वारा सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया।

कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशन में की गई। प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन की सहायता से अवैध रूप से बनाए गए मकान और चारदीवारी को गिरा दिया।



- **सरकारी गौचर भूमि पर किया था कब्जा**

जानकारी के अनुसार आरोपी भोपालराम बिश्नोई ने गैर मुमकिन गौचर भूमि पर अवैध कब्जा कर पक्का मकान बना रखा था। मकान के चारों ओर बाउंड्री वॉल भी खड़ी कर दी गई थी। जांच में स्पष्ट हुआ कि यह निर्माण सरकारी जमीन पर किया गया था, जिसके बाद राजस्व नियमों के तहत बेदखली की कार्रवाई की गई।

- **14 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज**

खींवसर थानाधिकारी रामनारायण भंवरिया ने बताया कि भोपालराम बिश्नोई थाना क्षेत्र का सूचीबद्ध हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट, हत्या और हत्या के प्रयास सहित कुल 14 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

पुलिस जांच में यह तथ्य सामने आया कि आरोपी ने मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित अवैध धन से संपत्ति तैयार की थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जब उसकी अचल संपत्तियों का रिकॉर्ड खंगाला गया, तो पाया गया कि मकान सरकारी भूमि पर बना हुआ है।

- **राजस्व विभाग के साथ संयुक्त कार्रवाई**

खींवसर तहसीलदार सुरेश कुमार ने बताया कि फरवरी के प्रथम सप्ताह में पुलिस की ओर से आरोपी की अवैध संपत्तियों की जांच के लिए पत्र प्राप्त हुआ था। इसके आधार पर हल्का पटवारी और आरआई की संयुक्त टीम ने पांचला सिद्धा स्थित बिश्नोईयों की ढाणी में मौके पर पहुंचकर सीमांकन और मुआयना किया।

जांच में अतिक्रमण की पुष्टि होने पर धारा 91 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया और विधिक प्रक्रिया पूरी कर 19 तारीख को बेदखली आदेश जारी किए गए। सोमवार सुबह प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया।

- **अवैध संपत्तियों पर जारी रहेगी कार्रवाई**

एसपी मृदुल कच्छावा ने कहा कि अपराधियों और तस्करों को आर्थिक रूप से कमजोर करने के उद्देश्य से यह रणनीति अपनाई गई है। अवैध गतिविधियों से अर्जित संपत्तियों की जांच की जा रही है और भविष्य में भी ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

इस कार्रवाई से क्षेत्र में स्पष्ट संदेश गया है कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण और अवैध धंधों से अर्जित संपत्ति किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और कानून के तहत कठोर कदम उठाए जाएंगे।

## डग जिला उपचिकित्सालय में पहली बार हुआ बच्चेदानी का जटिल ऑपरेशन, मेडिकल फिल्ड में बड़ी उपलब्धि



**चमकता राजस्थान/डग-23फरवरी(कुन्दन व्यास)।** प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास जैन के सुपरविजन में जिला उप चिकित्सालय में चिकित्सकों की टीम ने एक महिला की बच्चेदानी का जटिल ऑपरेशन किया जो की डग में मेडिकल क्षेत्र की एक बड़ी उपलब्धि है जानकारी के अनुसार आपको बता दे की क्षेत्र की जामुनिया निवासी गुलाब कुंवर पत्नी फूंदा सिंह पिछले एक साल से अत्यधिक पेटदर्द, रक्त स्त्राव,वीकनेस आदि समस्याओं से ग्रसित थी जिनको पिछले एक साल से अधिक समय से अत्यधिक व अनियमित माहवारी समस्या से पीड़ित थी जिनका ईलाज कई जगह बाहर भी कराया लेकिन समस्याओं ज्यों की त्यों बनी रही और महिला परेशान होती रही अंत में महिला जिला उपचिकित्सालय में उपचार के लिए आई तो महिला रोग विशेषशज्ञ डॉ.पन्नालाल शर्मा ने अल्ट्रासाउंड व अन्य आवशयक जांचे कराई जिसमे बच्चेदानी में मल्टीपल फाइबरोइड्स पाई गई जिसके बाद डॉ.पन्नालाल शर्मा एनेस्थेटिस्ट डॉ.अमीन खान, नर्सिंग ऑफिसर कमलेश कुमार मेहरा, महेश,वार्ड बॉय प्रमोद आदि ने ऑपरेशन असिस्ट किया त×करीबन डेढ़ घंटे तक जटिल ऑपरेशन किया जिसमे हिस्टेरेक्टौमी द्वारा मल्टीपल फाइबरोइड्स वाली बच्चेदानी को हटाया गया डॉ.अमीन खान ने बताया की डग में बच्चेदानी का यह अब तक का सबसे जटिल ऑपरेशन किया गया आमतौर पर फाइबरोइड्स (रसोली)5-6सेमी के हो जाते है लेकिन इस पेशेंट में आकार ज्यादा बढ़ गया था और साथ हि में संख्या भी 15से अधिक हो गई थी जिनकी साइज करीब 15गुणा 12सेमी थी जिस कारण बच्चेदानी का साइज करीब 20गुना बढ़ गया था

- **निरंतर सहयोग का विश्वास**

जिला चिकित्साधिकारी डॉ. साजिद खान व प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ.विकास जैन ने ऑपरेशन करने वाली पूरी टीम को सफल ऑपरेशन के लिये बधाईंयाँ दी और जिला उपचिकित्सालय में मरीजों की सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर सहयोग करने का विश्वास दिलाया। महिला के पोस्ट केयर नर्सिंग में नर्सिंग ऑफिसर कपिल व्यास, आकिब खान,रोहित पंवार आदि की विशेष भूमिका रही। पेशेंट के पुत्र भैरू सिंह ने समुची मेडिकल टीम का आभार व्यक्त किया।

# एआई समिट में यूथ कांग्रेस का अर्धनग्न प्रदर्शन देश की गरिमा,मर्यादा और हमारे संस्कारों को तार तार करने वाली प्रवृत्तिः राखी राठौड़

## भाजपा महिला मोर्चा ने एआई समिट में यूथ कांग्रेस द्वारा किए गए अर्धनग्न प्रदर्शन के विरोध में सड़क पर उतरकर जताई नाराजगी, किए हनुमान चालीसा के पाठ, कांग्रेसियों को प्रतिकात्मक रूप से भेंट की टी—शर्ट

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** नई दिल्ली में एआई समिट के दौरान यूथ कांग्रेस द्वारा किए गए अशोभनीय एवं अर्धनग्न प्रदर्शन के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा राजस्थान की प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ के नेतृत्व में बडी संख्या में महिलाओं ने चाँद पोल बाजार में सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान भाजपा महिला मोर्चा ने चांदपोल स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ के साथ भारतीय संस्कारों की रक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं के लिए




टी-शर्ट लाई गई और मर्यादा एवं शालीनता बनाए रखने का संदेश देने का निर्णय लिया। इस दौरान राहुल गांधी के नाम एक लिफाफा भेजा गया, जिसमें एक टी-शर्ट संलग्न की गई। टी-शर्ट पर संदेश अंकित किया गया कि ''ना देश का सम्मान, ना संस्कारों का सम्मान, कांग्रेसी नेता देश का मान रखे, अपने संस्कारों का ख्याल भी रखे।''

भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा विदेशी मेहमानों के समक्ष इस प्रकार का प्रदर्शन न केवल भारत की छवि




को धूमिल करता है, बल्कि हमारे संस्कारों और सांस्कृतिक मर्यादाओं को भी ठेस पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि यह देश और अतिथियों दोनों का अपमान है। उन्होंने सभी भारतीय महिलाओं से ऐसी गतिविधियों के खिलाफ आवाज उठाने का आह्वान किया। राठौड़ ने कहा कि यदि आज इस प्रकार के कृत्यों का विरोध नहीं किया गया, तो भविष्य में विरोध के नाम पर सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी प्रकार की अशोभनीय हरकतों को बढ़ावा मिलेगा, जो समाज के लिए चिंताजनक है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर मानसिक दिवालियापन का आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी अपने मूल्यों और मर्यादाओं से भटक चुकी है।

भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ ने कहा कि यह केवल एक विरोध नहीं, बल्कि भारत की गरिमा, संस्कृति और संस्कारों की रक्षा का संकल्प है। भाजपा महिला मोर्चा भविष्य में भी ऐसे किसी भी कृत्य का पुरजोर विरोध करती रहेगी, जो देश की प्रतिष्ठा को आहत करता हो। कार्यक्रम में प्रदेश टीम से अंजू मिश्रा, वर्तिका सेन, मूर्ति मीना, जयपुर जिला अध्यक्ष अनुराधा माहेश्वरी सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929